*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 201

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग ने अशनीर ग्रोवर के खिलाफ दर्ज किया एफआइआर, 81 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप







BETHEL COLLEGE OF NURSING
ADD- VILL: ARSANDEY, PO BOREYA, PS KANKE RANCHI JH 834006
B.SC NURSING ADMISSION OPEN
APPROVED BY JHARKHAND GOVERNMENT
AFFILIATED TO RANCHI UNIVERSITY
RECOGNISED BY JNRC
INC REGD NEW DELHI
SESSION 2023-24 LIMITED SEAT
Scholarship Available
- DURATION : 4 YEARS
- ELIGIBILITY : 10+2 PASS (PCB)
- AFFORDABLE FEE STRUCTURE
- WELL FURNISHED CLASSROOMS
- LIBRARY BOOKS WITH LATEST EDITION
- LABS WITH LATEST EQUIPMENTS
- LIBRARY BOOKS WITH LATEST EDITIONS
Free WIFI Available
Website: www.bethelcollegeofnursing.com
Email : bethelcollegeofnursing@gmail.com
WhatsApp: 7631006982
Contact: 0651-3568158/ 3553025


## मुख्यमंत्री ने पतरातू में पर्यटन विहार की दी सौगात

# विकास से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे: हेमंत सोरेन

- पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन कराने का दिया निर्देश
- 12.92 करोड़ की 6 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

संतोष कुमार

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को प्रकृति ने कई खूबसूरत सौगातें दी है। इस राज्य को खनिज-संपदा के लिए तो जाना ही जाता है। इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां के पर्यटक स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलें। देश- दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बनें। इसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनायी जा रही है और उसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है। विकास से रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को पतरातू में नवनिर्मित 'पर्यटन विहार' (वीआईपी गेस्ट हाउस) का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे।

**डैम को नुकसान ना पहुंचाएं :** पतरातू डैम घूमने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिससे यहां का रोजगार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के रोजी-रोटी का साधन भी बन गया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील किया कि इस सुंदर पर्यटन केंद्र को साफ सुथरा रखें। यहां प्लास्टिक के कचरे को ना फेंके। अपनी संपत्ति समझ कर इसे अच्छा से रखें। यहां जिस तेजी से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है उसको देखते हुए यहां रोजी रोजगार का बड़ा साधन दिख रहा है। यहां रोजी रोजगार के लिए कोई सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। यहां आम लोग दुकान लेकर खोल सकते हैं।

**डैम एरिया का नहीं हो अतिक्रमण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन किया जाएगा। ताकि, इसका अतिक्रमण नहीं हो और इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डैम परिसर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

**प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर समन्वय समिति के अध्यक्ष फागु बेसरा, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, पर्यटन निदेशक अंजली यादव समेत उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसपी पियूष पांडे और एसडीओ जावेद हुसैन सहित कई अधिकारी मौजूद थे।




### जल्द मिलेगी रोपवे की सौगात: हफीजुल हसन

पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने पतरातू डैम परिसर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सैलानियों के लिए जल्द ही रोपवे का निर्माण किया जाएगा। पहाड़ और पर्वत का मजा लेने के लिए रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। जिससे रोजगार का अवसर बढ़ेगा। इको टूरिज्म का भी प्लान किया जा रहा है। रांची से पतरातू डैम के लिए बस की सुविधा जल्द ही शुरू होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस वर्ष बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराने जा रही है। 2023 नियुक्ति का वर्ष रहेगा।

### पतरातू में विकास के नये आयाम जुड़ेंगे: अंबा

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया है। झारखंड के पर्यटक स्थलों को सरकार विकसित कर रही है। राज्य के अन्य स्थलों के लिए भी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पतरातू में विकास के कई नये आयाम जुड़ेंगे। यहां के दूसरे पर्यटक स्थल पलानी झरना का भी जल्द कायाकल्प किया जायेगा। ओवरब्रिज का निर्माण भी जल्द किया जायेगा। मॉडर्न अस्पताल बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण की दिशा में कदम उठायेगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा : गिरफ्तारी गैरकानूनी

# पाक के पूर्व पीएम इमरान खान रिहा

एजेंसी

**इस्लामबाद/ नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान रिहा हो गये। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहा किया गया। इमरान को दो दिन पहले नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) के वारेंट पर कोर्ट से ही पैरामिलिट्री फोर्स ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद से पाकिस्तान में हिंसा जारी थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने गुरुवार को खान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए एनएबी से कहा कि इमरान को तत्काल रिहा करें। चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट या किसी भी अदालत से किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। आप अदालत की तौहीन नहीं कर सकते। चीफ जस्टिस ने इमरान से हालचाल पूछा। इस पर खान ने कहा कि मुझे गिरफ्तार नहीं, अगवा किया गया था। कस्टडी में मारपीट की गयी। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम आपको रिहा करने का हुक्म दे रहे हैं। आपकी गिरफ्तारी के बाद मुल्क में जो हिंसा हुई, आपको उसकी निंदा करनी होगी।

PUSKAR SCHOOL OF NURSING TRAINING
Hanuman Mandir Road (Near South Railway Colony)
Krishnapuri Road No.-1, Chutia, Ranchi, Jharkhand
Estd - 2016
You Tube - Puskar Group | Website : www.puskargroup.com | Email : info@puskargroup.com
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं
As per Regulation - 2023 of Jharkhand Govt.
Golden Opportunity for Inter Pass Girls
Limited Seats
For the Course
Auxiliary Nurse & Midwifery (A.N.M)
Recognized by - Indian Nursing Council, New Delhi. | Jharkhand Nurses Registration Council, Ranchi
PLACEMENT ASSISTANCE
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
Department of Health Medical Education & Family Welfare, Government of Jharkhand.
ADMISSION OPEN FOR 2023-2024
Course for Girls, Married Unmarried, Widow
HOSTEL FACILITY AVAILABLE WITHIN CAMPUS | TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

| Course | Qualification | Period | Age Limit |
|---|---|---|---|
| A.N.M Nursing | All Subjects, Inter (10+2) | 2 Years | 17 Years of 35 Years |

Ph. No. & Fax - 0651-2460123/ Mobile No.: 09471552675 & 07367957505

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की सुरक्षा में हुई भारी चूक

# सिपाही की सर्विस रिवॉल्वर से मिस फायर, स्पेशल ब्रांच का कर्मी घायल

- राधाकृष्णन गाड़ी में बैठे तभी चली गोली
- कर्मी को अस्पताल में कराया गया भर्ती


आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** राज्यपाल सीपी राधाकृषणन की सुरक्षा में भारी चूक हुई है। उनके कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षा कर्मी के रिवॉलवर से मिस फायर हुआ। इसमें स्पेशल ब्रांच का एक कर्मी घायल हो गया। उसे हजारीबाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खास बात यह है कि जिस वक्त यह घटना घटी, उसी समय राज्यपाल अपनी गाड़ी में जा कर बैठे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

**काफिला निकलने वाला था तभी चली गली :** गौलतलब है कि राज्यपाल का गुरुवार को हजारीबाग में एक दिवसीय दौरा था। उन्होंने मेरु स्थित बीएसएफ के दीक्षांत परेड में हिस्सा लिया। उसके बाद तय कार्यक्रम के अनुसार हुटपा पंचायत में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और वहां परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जैसे ही राज्यपाल के निकलने का समय हुआ, वैसे ही स्पेशल ब्रांच के पदाधिकारी और कर्मी अपनी-अपनी गाड़ी में बैठ गये। गाड़ी में बैठने के बाद राज्यपाल का काफिला निकलने ही वाला था कि एक सिपाही की सर्विस रिवॉल्वर से मिस फायर हो गया।

**खतरे के बाहर हैं कर्मी:** दरअसल राज्यपाल के रवानगी होने के सामय स्कॉट के वाहन तैयार थे। जैसे ही राज्यपाल रवाना होने लगे सेकेंड स्कॉट गाड़ी में स्पेशल ब्रांच के तीन कर्मी बैठे। दो पिछली और एक आगे की सीट पर थे। पीछे बैठे दोनों कर्मियों ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर सीट पर रख दी। इसी बीच पिंटू कुमार के हाथ से फायरिंग हो गयी। इससे गाड़ी में बैठे स्पेशल ब्रांच के कर्मी बालगोविंद के पैर में गोली लग गयी। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद दूसरे कर्मी और स्पेशल ब्रांच के पदाधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। घायल बालगोविंद उर्फ राहुल कुमार खतरे से बाहर हैं।

### जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गये। दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में धमेंद्र प्रधान ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। भाजपा में शामिल होने के बाद आरसीपी सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद कहा। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। गौरतलब है क राज्यसभा की सदस्यता चले जाने के कारण आरसीपी सिंह को केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा। उस समय जदयू के कई नेता ने आरोप लगाया कि आरसीपी सिंह भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने जदयू से इस्तीफा दे दिया था। अब नौ महीने बाद भाजपा में शामिल हुए।

# दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करेंगे उपराज्यपाल : सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने कहा, अफसरों पर सरकार का कंट्रोल ना हो तो वो जिम्मेदार नहीं रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के पक्ष में एक बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। पांच जजों की संविधान पीठ ने एक राय से कहा कि पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे।

**कोर्ट ने यह दिया फैसला :** कोर्ट ने कहा कि पुलिस, कानून-व्यवस्था और प्रॉपर्टी को छोड़कर दिल्ली में प्रशासन पर नियंत्रण चुनी हुई सरकार का होना चाहिए। चुनी हुई सरकार के पास अफसरों पर नियंत्रण की ताकत ना हो, अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर दें या फिर उनके निदेशों का पालन ना करें तो जवाबदेही के नियम के मायने नहीं रह जाएंगे। राज्य के मामलों में केंद्र का इतना दखल ना हो कि नियंत्रण उसी के हाथ में चला जाए। इसके बाद अब दिल्ली सरकार अधिकारियों की पोस्टिंग और ट्रांसफर अपने हिसाब से कर सकेगी। सरकार को हर फैसले के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी भी नहीं लेनी होगी।

**सीएम केजरीवाल ने बड़े प्रशासनिक फेरबदल का ऐलान किया :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल का ऐलान किया है। कोर्ट के निर्णय के बाद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब उनकी सरकार अपने हिसाब से और कहीं अधिक तेजी से काम कर पाएगी। काम ना करने वाले अफसरों के खिलाफ सख्ती की बात कही। उन्होंनें यह भी कहा कि केंद्र सरकार एक तरह से, प्रधानमंत्री पिता समान होते हैं। पिता की जिम्मेदारी होती है कि सारे बच्चों का अच्छे से पालन पोषण करें। अगर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है तो वह हमारे भी प्रधानमंत्री हैं। हम भी उनकी तरफ देखते हैं। चाहे भाजपा की सरकार है किसी राज्य में, कांग्रेस की सरकार है, सभी प्रधानमंत्री को पिता की तरह देखते हैं कि कोई मुसीबत आएगी तो हमारी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रचूड़ और जो जज हैं उस पीठ में उनका तहेदिल से शुक्रिया करते हैं कि उन्होंने न्याय किया। मैं दिल्ली की जनता का शुक्रिया करता हूं कि संघर्ष में मेरा साथ दिया।



G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

कोल इण्डिया Coal India
cmpdi
A Mini-Ratna Company

TOTAL MINING SOLUTIONS

One stop solution
India's one of the largest consultancy organization with over 47 years of experience as in-house consultant to Coal India Limited is diversifying its activities to other mine owners.
An ISO 9001:2015 & 37001:2016 Certified Mini-Ratna Company with Headquarters at Ranchi and 7 strategically located Regional Institutes to provide door-step services.
Recipient of the SCOPE Meritorious Award from President of India for R&D initiatives in the Coal Sector.
Facilitated production augmentation of CIL from 79 Mt in 1975-76 to 703.20 Mt in 2022-23.
Offers full range of services in the sphere of resource exploration, mining, beneficiation and development of mine from concept to commissioning including environmental, geomatics and specialized services including Blasting, NDT, CBM/CMM & Coal Gasification, etc.

Expertise under one roof
- Integrated Exploration services
- Preparation of Master Plans of Coalfields
- Project Planning & Design including concept to commissioning to closure for coal & minerals.
- Engineering Services including Planning for Infrastructure Development
- Coal Beneficiation
- Preparation of EIA/EMP.
- Environment Monitoring and Mine Closure Planning
- Remote sensing surveillance and monitoring
- Drone/UAV based survey and mapping services
- Hydrogeological services
- Project Management Consultancy services for Civil construction supervision, Solar Power Projects, etc.
- Lab services viz. Coal characterization, Washability of Coal, Mine Air, Water & Soil quality, Physico-Mechanical properties of rocks, CBM related studies, etc.
- Specialized Services in the field of Blasting, Ventilation, Support Design, NDT, Clean Coal Technology like CBM, CMM & Coal Gasification, etc.

CENTRAL MINE PLANNING AND DESIGN INSTITUTE LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Gondwana Place, Kanke Road,
Ranchi 834 031 (Jharkhand) INDIA
Tel: +91 651 2230116/2230483
Fax: +91 651 2232249/2231447
Email: gmbd.cmpdi@coalindia.in
INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.cmpdi.co.in /CMPDIL/ /cmpdil/ /cmpdi /CMPDIL/

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# नीतीश-हेमंत मुलाकात के राजनीतिक निहितार्थ क्या हैं!

## राजनीतिक पंडितों का अनुमानः झामुमो से ज्यादा जदयू-राजद को लाभ : बिहार के बाद झारखंड में भी अपना विस्तार करने की फिराक में दोनों दल

आजाद सिपाही विशेष

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की मुहिम के सिलसिले में बुधवार को रांची आये। अपने डिप्टी सीएम तेजस्वी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के साथ रांची आये नीतीश ने झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करीब घंटे भर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने मिशन 2024 के लिए एकजुट होकर लड़ने का संकल्प व्यक्त किया। उनका यह दौरा सियासी नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि उनकी इस यात्रा से पिछले कुछ दिनों से ठंडी पड़ चुकी विपक्ष की खिचड़ी एक बार फिर उबलने लगेगी। नीतीश की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि राहुल गांधी के अनिश्चित राजनीतिक भविष्य के कारण अब नीतीश को लग रहा है कि वह विपक्षी एकता की धुरी बन सकते हैं, लेकिन उनके सामने केजरीवाल, ममता बनर्जी और केसीआर जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों की मंजूरी लेने की चुनौती है। लेकिन जहां तक झामुमो का सवाल है, तो वह हेमंत सोरेन के नेतृत्व में खुद सक्षम है। उसे क्षेत्रीय राजनीति के लिए जदयू-राजद जैसे दलों जरूरत नहीं के बराबर है। दौरे के बाद यह सवाल उठता है कि आखिर झामुमो को नीतीश का साथ मिलने से क्या हासिल होगा। इसका जवाब यही हो सकता है कि वास्तव में झामुमो का साथ मिलने से नीतीश और तेजस्वी को अपना विस्तार करने में मदद मिलेगी। इसके बदले झामुमो को नीतीश के मिशन 2024 में एक जगह मिल जायेगी, जिससे वह राष्ट्रीय फलक पर आ जायेगा। लेकिन क्या झामुमो को राष्ट्रीय फलक पर आने के लिए क्या सचमुच में जदयू या राजद जैसे दलों के सहारे की जरूरत है। यकीनन नहीं, क्योंकि झारखंड में जदयू का जनाधार नहीं के बराबर है, तो राजद भी अपने सहारे झारखंड में चुनावी वैतरणी पार नहीं पा सकता। नीतीश-हेमंत मुलाकात के राजनीतिक निहितार्थ क्या हैं, इस बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। दोनों के बीच एक घंटे तक बातें तो सकारात्मक हुईं, भावनात्मक बातें भी हुईं। हेमंत सोरेन ने नीतीश कुमार के कहे अनुसार आगे बढ़ने की बात कही। नीतीश ने कहा कि उन्हें गुरुजी शिबू सोरेन ने पहली बार सीएम बनवाया। नीतीश और हेमंत ने बातचीत के बाद जो कुछ कहा, उसका लब्बोलुआब यही रहा कि अभी और भी बात होगी। इससे स्पष्ट है कि विपक्षी एकता का यह प्रयास अभी आरंभिक चरण में है। इसके लिए अभी और प्रयास करने होंगे। क्षेत्रीय दलों की इच्छाओं और आकांक्षाओं को शांत करना होगा। उनकी राजनीतिक मजबूरी की राह में खड़े रोड़े को हटाना होगा, पर यह इतना आसान भी नहीं है, खासकर झारखंड में।

नीतीश के पटना लौटने के बाद से ही झारखंड की सियासी फिजां में यह सवाल तैर रहा है कि इस मुलाकात और बातचीत से झामुमो को क्या कुछ हासिल हो सकता है। नीतीश कुमार तो मिशन 2024 के तहत विपक्षी एकता की धुरी बने हुए हैं और विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिल रहे हैं। उनका रांची आने का मकसद तो आसानी से समझा जा सकता है, लेकिन जहां तक झामुमो का सवाल है, तो वह अपने कुशल नेतृत्वकर्ता हेमंत सोरेन के हाथ में काफी मजबूत है। उसे न तो झारखंड में नीतीश-तेजस्वी के सहारे की जरूरत है और न ही राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाने के लिए इन दोनों दलों की मदद की। ऐसे में नीतीश की रांची यात्रा के परिप्रेक्ष्य को समझना जरूरी हो जाता है।



23 साल पहले बिहार से अलग हुए झारखंड पर आज भी किसी न किसी रूप में बिहार की छाप दिखाई देती है। अभी झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद के गठबंधन की सरकार चल रही है। झारखंड में भाजपा के खिलाफ कई विपक्षी दलों को मिला दिया जाये, तो उनका जनाधार अधिक माना जा सकता है। झारखंड में राजद का जनाधार बहुत कम है। चुनाव दर चुनाव राजद की उपलब्धि का ग्राफ गिरता ही गया है। जदयू का तो झारखंड से लगभग सफाया ही हो चुका है। यह सच है कि झारखंड गठन के समय यहां की राजनीति में जदयू का एक अहम स्थान था। पहले मुख्यमंत्री बने बाबूलाल मरांडी की सरकार में जदयू के लालचंद महतो, रमेश सिंह मुंडा, रामचंद्र केसरी, जलेश्वर महतो, बच्चा सिंह और मधु सिंह मंत्री थे। उस समय इन नेताओं ने बाबूलाल की सरकार को खूब नचाया था। यहां तक कि लालचंद महतो, मधु सिंह, जलेश्वर महतो, रमेश सिंह मुंडा के कारण बाबूलाल मरांडी की सरकार भी गिरी थी। अगले ही चुनाव में जदयू का जनाधार बिखरता गया। यह कुछ आजसू पार्टी की तरफ और कुछ भाजपा और अन्य दलों की ओर खिसक गया। 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में तो जदयू से कोई विधायक भी नहीं बना। सांगठनिक रूप से भी झारखंड में जदयू अन्य दलों की तुलना में काफी कमजोर है। नीतीश कुमार ने कभी भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया। ऐसे में समझा जा सकता है कि नीतीश की रांची यात्रा झारखंड में जदयू के विस्तार में मददगार हो सकती है। तालमेल हुआ, तो एकाध विधानसभा सीट लेकर झामुमो की मदद से जीत का सपना नीतीश देख सकते हैं। यही हाल राजद का भी है।

यह सर्वविदित है कि बिहार में राजनीतिक बदलाव के बाद नीतीश कुमार के सियासी दोस्त और दुश्मन दोनों ही बदल गये हैं। नीतीश के निशाने पर अब भाजपा और पीएम मोदी हैं, तो सहयोगी के तौर पर राजद और कांग्रेस है। लालू यादव से लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक उनके खासमखास बन गये हैं। नीतीश की इस यात्रा से सवाल यह पैदा होता है कि जदयू के पूरा जोर लगाने के बाद भी क्या यह इतना आसान होगा कि विपक्ष के तमाम नेता नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर स्वीकार कर लेंगे और क्या विपक्ष के तमाम दलों को एक मंच पर वह साथ ला पायेंगे। जब तक विपक्षी एकता की बात हो रही है, तब तक तो ठीक है, लेकिन जैसे ही चेहरे पर बात जायेगी, विपक्षी दलों की एकता को बनाये रखना आसान नहीं होगा। यह सही है कि भाजपा के खिलाफ सभी विपक्षी दल हैं और चाहते हैं कि भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाये, लेकिन उनकी असली अग्निपरीक्षा तब होगी, जब यह तय होने लगेगा कि विपक्ष की कमान किसके हाथ में होगी-राहुल के, नीतीश कुमार के, ममता के या अरविंद केजरीवाल के।

### झारखंड में होती है अलग किस्म की राजनीति

दुनिया जानती है कि भारत के अन्य प्रदेशों और झारखंड की राजनीति में बड़ा अंतर है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार कांग्रेस के समर्थन से चल रही है। इसलिए कांग्रेस के बारे में स्थिति स्पष्ट किये बगैर झामुमो-जदयू के लिए यह सब संभव नहीं है। इस लिहाज से झामुमो विपक्षी गठबंधन एकता के नाम पर वैचारिक समर्थन दे सकता है, लेकिन जमीनी स्तर पर होनेवाले गठबंधन का हिस्सा बनना उसके लिए आसान नहीं होगा। झामुमो को असली दिक्कत तब होगी, जब राहुल गांधी को दरकिनार कर कोई चेहरा सामने आने की कोशिश करेगा

### कुर्मी-कुड़मी में अंतर को ध्यान में रखना जरूरी

नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने के बाद झामुमो को एक लाभ झारखंड के कुर्मियों के रूप में होने की बात कही जा रही है, जो अब तक भाजपा, आजसू और कुछ झामुमो के साथ हैं। लेकिन यह बात कहनेवाले भूल जाते हैं कि बिहार के कुर्मी कहीं से भी झारखंड के कुर्मियों, जो खुद को कुड़मी कहते हैं, के साथ नहीं हैं। झारखंड के कुड़मियों की अपनी राजनीति है और वह नीतीश कुमार को अपना नेता कतई नहीं मानेंगे।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि झारखंड में विपक्षी गठबंधन तब तक मजबूत नहीं हो सकता, जब तक चुनाव के समय जमीनी स्तर पर मजबूत गठबंधन न हो। यह झारखंड में असंभव दिखता है, क्योंकि झामुमो के लिए कांग्रेस और जदयू में से किसी एक को चुनना होगा। कांग्रेस और जदयू के साथ गठबंधन की स्थिति में जदयू के लिए सीट छोड़नी होगी। यह अहम विवाद का विषय होगा। इससे पहले तो यह तय करना होगा कि झामुमो नीतीश कुमार के विपक्षी गठबंधन के नेता को पीएम का चेहरा मानेगा या कांग्रेस के किसी नेता को। इसलिए झारखंड में जदयू की स्थिति देखते हुए कहा जा सकता है कि हेमंत सोरेन कभी भी कांग्रेस की उपेक्षा नहीं कर सकते। ऐसे में भले ही नीतीश कुमार देशव्यापी भाजपा विरोधी गठबंधन तैयार करने की बात कह रहे हैं, लेकिन इसमें कहीं न कहीं उनका अपना स्वार्थ भी है। इसी बहाने वह देश की राजनीति में अपने चेहरे को स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन झारखंड में उनकी गाड़ी कितनी दूर चलेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

## ओड़िशा की खबरें

### झारसुगुड़ा उपचुनावः स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा उपचुनाव की मतगणना को लेकर स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा का इंतजाम किए गए हैं। झारसुगुड़ा इंजीनियरिंग स्कूल परिसर में बने स्ट्रांग रूम में इवीएम और वीवीपैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। इसकी सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। सीसीटीवी स्कैनर में इवीएम और वीवीपैट मशीनें लगी हैं।

चुनाव दिशा-निर्देशों के अनुसार, त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। पहली टुकड़ी में सीआरपीएफ की एक प्लाटून तैनात है। दूसरी में राज्य सशस्त्र बल तैनात हैं। तीसरी में जिला पुलिस तैनात है। एसपी व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ जिला सुरक्षा अधिकारी को अवगत कराया की बिना अनुमति में किसी भी परिस्थिति में किसी को भी




प्रवेश नहीं कर सकता है।

चुनाव साधारण निरीक्षक डीके तिवारी एवं झारसुगुड़ा उपजिलापाल व रिटर्निंग ऑफिसर स्ट्रांग रूम में आकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। 13 तारीख को सुबह करीब 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। 14 टेबिलों में 18 राउंड के मतों की गिनती होगी। पहले पोस्टल वोटों से होगी मतगणना सुबह 8 बजे और सुबह 8.30 बजे से शुरू होगी इवीएम वोटों की गिनती। झारसुगुड़ा जिलाधिकारी एवं उप जिल्लापाल ने बताया कि अपराह्न दो बजे तक मतगणना संपन्न हो जायेगी।

### महिला से दुष्कर्म करनेवालों को 20-20 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर (सुंदरगढ़)।** चलती कार में महिला से दुष्कर्म के मामले में सुंदरगढ़ जिला दौरा जज ने तीन आरोपियों को 20-20 साल कैद की सजा सुनायी। राजगांगपुर थाना क्षेत्र में 2015 में एक महिला अपने रिश्तेदार के घर से घर लौट रही थी, तभी पड़ोसी सोनू सोये, इंद्रू केरकेटा और प्रवीण बारला एक कार में आये और उसे घर पर छोड़ देने के लिए लिफ्ट दिये। घर को लोटते समये रास्ते में चलती कार में 4 घंटे तक एक के बाद एक दुष्कर्म करते रहे। फिर वह घर के पास सड़क के किनारे फेक



कर भाग गये थे। इस मामले में कोर्ट ने 21 लोगों की गवाही और सबूतों के आधार पर फैसला सुनाया है। अदालत ने तीनों आरोपियों को 5 हजार का जुर्माना भरने का आदेश दिया यदि जुर्माना अदा नहीं किया जाता है, तो अदालत ने दो महीने और कारावास का आदेश दिया।

### बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन ने कुलपति डॉ चक्रधर त्रिपाठी को प्रतिष्ठित आचार्य शिवपूजन सहाय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पटना में आयोजित बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 42वें सम्मेलन के अवसर पर, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसे बिहार के माननीय राज्यपाल राजेंद्र बिश्वनाथ अर्लेकर द्वारा सम्मानित किया गया था। विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासनिक सलाहकार प्रोफेसर सुधेंदु मंडल की अध्यक्षता में परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रोफेसर त्रिपाठी को हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राज्यपाल द्वारा प्रतिष्ठित आचार्य शिवपूजन सहाय स्मृति सम्मान से सम्मानित




किया गया। विश्वविद्यालय के दो अतिथि प्रो डॉ जेबी पांडेय और डॉ हेमराज मीणा को भी क्रमशः आचार्य देवेंद्र नाथ शर्मा और राजा राधिका रमन प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर एसके पालिता ने डॉ जेबी पांडे और प्रोफेसर एनसी पांडा ने प्रोफेसर हेमराज मीणा को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल ने कहा कि कुलपति त्रिपाठी, डॉ जेबी पांडे और डॉ हेमराज मीणा को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ एसके पालिता ने कहा कि आज हमारे लिए गर्व और गर्व का दिन है, क्योंकि ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इन तीन प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने बिहार की धरती पर ओडिशा का नाम रोशन किया है। एनसी पांडा ने मंगलाचरण का पाठ किया और उन्हें बधाई दी। डॉ हिमांशु महापात्रा ने कहा कि प्रोफेसर त्रिपाठी की अकादमिक उत्कृष्टता से विश्वविद्यालय समुदाय बहुत प्रेरित हुआ है। प्रोफेसर त्रिपाठी ने सभी को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ एक अच्छे मित्र के साथ जीवन जीने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की सलाह दी।

डॉ जेबी पांडेय ने कहा कि गौरव तब आता है, जब हमें लगता है कि हमने कुछ किया है और हमें सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है कि हमने कुछ महत्वपूर्ण किया है। डॉ हेम राज मीणा ने बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ रुद्राणी मोहंती ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ फागूनाथ भोई ने किया। सभी शिक्षक और कर्मचारी कुलपति हैं। चक्रधर त्रिपाठी ने डॉ हेमराज मीणा और डॉ जंग बहादुर पांडेय को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं।

### पोर्टफोलियो के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की मजबूती के लिए वेदांता एल्यूमिनियम प्रतिबद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने अपनी यह प्रतिबद्धता को दोहराई है कि वह इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए देष में विकसित उच्च गुणवत्ता के उत्पादों के द्वारा एल्यूमिनियम की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। एल्यूमिनियम धातु की उच्च प्रौद्योगिकी आधारित अनुप्रयोगों में वृद्धि की दिषा में कंपनी अपने मूल्य संवर्धित उत्पाद पोर्टफोलियो का निरंतर विस्तार कर रही है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड, एल्यूमिनियम व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल शर्मा ने उभरती प्रौद्योगिकियों में एल्यूमिनियम की भूमिका पर कहा कि यह दुनिया कार्बन न्यूनता वाले भविष्य में जाने की दिषा में काम कर रही है। बेशक उस भविष्य में एल्यूमिनियम धातु की प्रमुखता होगी। अपने विशिष्ट गुणों के चलते एल्यूमिनियम कई उच्च प्रौद्योगिकीय अनुप्रयोगों के लिए प्रमुख उपयोगी धातु के रूप में स्थापित हो चुका है। वेदांता एल्यूमिनियम उन कंपनियों में से है जिसके पास दुनिया में सबसे बड़ा उत्पाद पोर्टफोलियो है। कंपनी



अपने उत्पादों को ज्यादा परिष्कृत कर बेमिसाल गुणवत्ता व प्रचालन उत्कृष्टता के माध्यम से अपने ग्राहकों की तेजी से विकसित होती आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूरी तरह तैयार है।

ओड़िशा के झारसुगुडा और छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित अपने एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में नई प्रोडक्ट लाइंस जोड़ने के लिए वेदांता एल्यूमिनियम सक्रियता से अपना उत्पादन बढ़ा रही है। वेदांता एल्यूमिनियम की इकाइयां घरेलू नवाचार और तकनीक-चालित विनिर्माण को बढ़ावा देकर इस उद्देश्य में योगदान दे रही है। वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्यूमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 23 में 22.9 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्यूमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्यूमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है।

#### जिंदल स्टेनलेस ने सुरक्षा का नया मानदंड स्थापित किया

### लगातार चौथी बार मिला ब्रिटिश सुरक्षा काउंसिल से इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, नयी दिल्ली।** कार्यस्थल पर सुरक्षा के नये मानदंड स्थापित करते हुए जिंदल स्टेनलेस ने अपने कर्मचारियों के लिए काम करने का सुरक्षित माहौल बनाने से जुड़ी पहलों के लिए लगातार चौथे साल ब्रिटिश सुरक्षा काउंसिल का प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार समारोह 10 मई को मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें जिंदल स्टेनलेस के पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के प्रमुख सुधीर कुमार तथा हिसार में उपाध्यक्ष (स्टील मेल्टिंग शॉप - एसएमएस, एसएमएस कच्चा माल और जलमग्न आर्क फर्नेस - एसएएफ) अशोक राणा ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। कंपनी ने डिस्टिंक्शन की सर्वोच्च श्रेणी में पुरस्कार जीता है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में सुरक्षा हमेशा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और हमें खुशी है कि हम लगातार चौथी बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। यह उपलब्धि हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

जिंदल स्टेनलेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं विनिर्माण (हिसार संयंत्र) प्रमुख, विजय बिंदलिश ने कहा, यह सम्मान हमारे कर्मचारियों के लिए काम करने का सुरक्षित माहौल तैयार करने के निरंतर प्रयासों का प्रतिबिंब है। हम कार्यस्थल को दुर्घटनाओं या किसी




भी अप्रिय घटनाओं से मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में पहल जारी रखेंगे। कर्मचारियों की व्यक्तिगत और पेशेवर सुरक्षा और कल्याण जिंदल स्टेनलेस की प्राथमिकता है। कंपनी मासिक सुरक्षा जागरूकता अभियान, मॉक ड्रिल और मटीरियल हैंडलिंग उपकरण के संबंध में व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी आगंतुकों के लिए अनिवार्य सुरक्षा इंडक्शन प्रशिक्षण आयोजित करती है, जो डिजिटली कृत सुरक्षा प्रणाली की मदद से दिया जाता है।

ब्रिटिश सुरक्षा काउंसिल का अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार उन कंपनियों का सम्मान करती है जो अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। जिंदल स्टेनलेस के काम करने का सुरक्षित माहौल बनाए रखने के निरंतर प्रयास को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से मान्यता मिली है। साथ ही, कंपनी सुरक्षा मानकों में उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.0 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.21 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.10 बजे | |



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 400 करोड़ रुपये की लागत से बने कैंसर अस्पताल का करेंगे उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानीवासियों सहित राज्य भर के कैंसर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अब बड़े महानगरों का चक्कर लगाने से निजात मिलेगी। महानगरों जैसी सुविधा अब रांची में ही मरीजों को मिलनेवाली है। 12 मई यानी आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कांके के कदमा में बने रांची कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का उदघाटन करेंगे। टाटा कंपनी की ओर से संचालित होनेवाले इस अस्पताल के निर्माण पर करीब चार सौ करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस अस्पताल का शिलान्यास 10 अक्तूबर, 2018 में हुआ था। जानकारी के अनुसार रिनपास की जमीन पर एक साल पहले ही यह अस्पताल बन कर तैयार हो गया है। फिलहाल यहां ओपीडी चलायी जा रही है। यहां अभी मरीजों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 135 रुपये लिया जा रहा। मतलब फिलहाल ओपीडी के अलावा मरीजों को कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं दी जा रही है। लेकिन उद्घाटन के बाद मरीजों को कई आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



### 50 प्रतिशत बेड स्थानीय मरीजों के लिए रहेगा रिजर्व

अस्पताल में फिलहाल 82 बेड उपलब्ध है। इसमें से 50 फीसदी बेड स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित रहेगा। बताते चलें कि अस्पताल को लेकर मिली जानकारी के अनुसार 14 ऑपरेशन थियेटर और 28 बेड का आइसीयू के भी रहने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि जरूरतमंद लोगों के लिए यहां आवासीय परिसर का निर्माण भी कराया जायेगा।

# झारखंड सचिवालय के दो अधिकारियों का स्थानांतरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। अवर सचिव गृह कार्य और आपदा प्रबंधन विभाग संप्रति राज्यपाल सचिवालय में प्रतिनियुक्त सुबोध कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची में अवर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। अवर सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग में पदस्थापित विश्वनाथ झा को स्थानांतरित करते हुए प्रतिनियुक्ति के आधार पर अवर सचिव राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची में पदस्थापित किया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से 15 मार्च को निकाले गयी अधिसूचना, जिसमें प्रणिता खलखो उपसचिव खान और भूतत्व विभाग रांची को स्थानांतरित करते उप सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक और पिछड़ा कल्याण विभाग के कल्याण आयुक्त का कार्यालय में पद स्थापित किया गया था। स्थानांतरण आदेश को रद्द करते हुए प्रणिता को वापस खान विभाग में उपसचिव के पद पर बने रहने को कहा गया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** – परिस्थिति में सुधार होगा। नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। सेहत अच्छी रहेगी।

**वृष** – रोजी-रोजगार में सफलता। यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा। राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** – श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**कर्क** – व्यक्तित्व का विकास होगा। आत्मविश्वास की वृद्धि। धन-द्रव्य का लाभ। शुभसमाचार मिलेगा।

**सिंह** – उलझनों का सामना होगा। नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। विरोधियों से परेशानी हो सकती है।

**कन्या** – आर्थिक विकास। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

**तुला** – अत्यधिक कार्यव्यस्तता। नियमित आमदनी में बाधा। परिवार में अशांति का वातावरण।

**वृश्चिक** – चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी। आकस्मिक लाभ। स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** – सुख-साधनों की वृद्धि। आत्मविश्वास में वृद्धि। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** – सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। सट्टा-लाटरी से लाभ। हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** – महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे। दिमागी तनाव दूर होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद।

**मीन** – कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति। सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ।

### सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र, कहा

# पल्स को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनायें सीजीएचएस के तहत उपचार की सुविधा दें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी के द्वारा रांची के पल्स अस्पताल को जब्त किये जाने के बाद रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडवीया को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में सांसद ने पल्स अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने और इस अस्पताल में सीजीएचएस के तहत मरीजों के उपचार की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। पत्र में सांसद ने कहा है कि रांची की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर भ्रष्टाचार का आरोप साबित होने के बाद उनके द्वारा संचालित पल्स



अस्पताल और इसके डायग्नोस्टिक को इडी ने अपने कब्जे में लेकर सरकार को दे दिया है। यह रांची का अत्याधुनिक निजी अस्पताल और जांच केंद्र है, जो अब सरकार के अधीन हो चुका है। इस अस्पताल में वैश्विक स्तर की सुविधाएं और संसाधन मौजूद हैं। सेठ ने कहा है कि वर्तमान समय में रांची में सरकारी अस्पताल के नाम पर रिम्स है, जहां मरीजों का अत्याधिक दबाव रहता है। सेठ ने आग्रह किया है कि पल्स अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन एम्स के एक्टेंशन सेंटर के रूप में संचालित किया जाये। इसके साथ ही यहां पर मरीजों का ईलाज सीजीएचएस के तहत हो, इस दिशा में कदम उठाया जाये। सांसद ने इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करने, संबंधित विभाग से समन्वय बनाने और इसे एम्स के एक्सटेंशन के रूप में संचालित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही का आग्रह किया है।

# जनहित में विकल्प पर काम करे रेलवे : शशि भूषण राय

### कंफर्म ट्रेन टिकट की अनुपलब्धता और महंगा हवाई सफर से जनता परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची-दिल्ली और अन्य रूटों पर बढ़े हवाई किराया और कन्फर्म ट्रेन टिकट की अनुपलब्धता से जनता को परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने दक्षिण पूर्व रेलवे डीआरएम से मुलाकात की एवं मौजूदा स्थिति में भारतीय रेलवे को विकल्प पर काम करने का सुझाव दिया। साथ ही दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल द्वारा कुछ ठोस कदम उठाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि रांची के यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन चलायी जाये एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए रांची राजधानी, गरीब रथ एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति



एक्सप्रेस जैसे ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाये जायें। इसके आलावा कुछ साप्ताहिक ट्रेनों की आवाजाही के फेरों को सप्ताह में दो या तीन तक बढ़ायें, छात्र विशेष ट्रेन को कम रेल किराये पर चलायें एवं रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों पर वरिष्ठ नागरिक यात्रियों और छात्र यात्रियों के लिए विशेष प्रतीक्षालय और हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो।

श्री राय ने कहा कि हवाई यात्रा का बढ़ा हुआ किराया आम आदमी और मध्यम आय वर्ग के लिए काफी असहज है। गर्मी की छुट्टियां नजदीक आ रही हैं और दिल्ली, एनसीआर, राजस्थान, दक्षिण भारतीय राज्यों और अन्य जगहों पर पढ़ने वाले झारखंड के कई विद्यार्थी छुट्टियों में घर लौटने के इच्छुक होंगे, लेकिन उनके एवं अभिभावकों के लिए यह स्थिति काफी परेशान करने वाली है। आज भारतीय रेलवे को विकल्प बनते हुए आम आदमी की आकांक्षाओं पर काम करना चाहिए।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



P.R. 297183 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# कैसा होगा कर्नाटक का जनादेश

कर्नाटक के मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है, जो शनिवार को मतों की गिनती के बाद सामने आ जायेगा, तब तक एग्जिट पोल के नतीजों के सही या गलत होने को लेकर अटकलें चलती रहेंगी। जैसी कि उम्मीद थी, मतदान कमोबेश शांतिपूर्ण रहा। वोटिंग प्रतिशत जरूर थोड़ा कम रहा, लेकिन इतना कम नहीं है कि इसके आधार पर कोई बड़ा नतीजा निकाला जाये। फिलहाल सबकी जिज्ञासा उन्हीं सवालों के इर्द-गिर्द बनी हुई है, जिनके जवाब 13 तारीख को मिलने वाले हैं। अगर उन सवालों को एक तरफ करके बात की जाये, तो कर्नाटक विधानसभा के ये चुनाव कई अर्थों में पुरानी रीति-नीति को ही आगे ले जाते दिखे, लेकिन कुछ मायनों में नयी रणनीति को आकार देने का मौका बनते भी नजर आये। उदाहरण के लिए, बीजेपी की तरफ से पिछले तमाम चुनावों की ही तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य चेहरा और सबसे बड़े प्रचारक रहे। यह इस बात के बावजूद हुआ कि कर्नाटक में आम तौर पर चुनावों में प्रदेश नेताओं का बोलबाला दिखता रहा है, लेकिन खास बात यह रही कि बीजेपी ने इन चुनावों में जीत की अहमियत समझते हुए भी इसमें प्रदेश स्तर पर नया नेतृत्व उभारने पर विशेष ध्यान दिया। येदियुरप्पा की नाराजगी का खतरा उठा कर भी उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के लिए तैयार किया गया और चुनावों के दौरान पर्याप्त महत्व देते हुए भी उन्हें भावी नेता के तौर पर पेश नहीं किया गया। जगदीश शेट्टार जैसे पुराने और प्रभावी नेताओं को गंवाने की हद तक जाकर पार्टी ने नेताओं की नयी पांत को सामने लाने की कोशिश की है। इन प्रयासों के परिणामों का एक हिस्सा 13 मई को भी सामने आयेगा, लेकिन पूर्णता में इसके नतीजे अगले कुछ वर्षों में स्पष्ट होंगे, जब प्रदेश नेतृत्व की यह नयी पांत पार्टी को धार देने की स्थिति में होगी। जहां तक कांग्रेस की बात है, तो हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद इसने कर्नाटक में भी चुनाव को यथासंभव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रखने का प्रयास किया। पार्टी के चुनावी अभियान का संचालन भी लगभग पूरी तरह से स्थानीय नेतृत्व के ही हाथों में दिखा। मगर बजरंग दल को बैन करने के मुद्दे पर बीजेपी के हमलों के बाद पार्टी ने जिस तरह से पलटी खाई, वह बताता है कि हिंदुत्व के सवाल पर कांग्रेस अपनी इस दुविधा से अभी तक नहीं उबर पायी है कि आक्रामक रवैया रखना है या रक्षात्मक। 2024 लोकसभा चुनाव करीब आ रहा है। इसलिए उसके पास अब ज्यादा समय नहीं है। बहरहाल, इस दौर की लड़ाई के नतीजों के लिए 13 मई का इंतजार तो सबको है।

**इन प्रयासों के परिणामों का एक हिस्सा 13 मई को भी सामने आयेगा, लेकिन पूर्णता में इसके नतीजे अगले कुछ वर्षों में स्पष्ट होंगे, जब प्रदेश नेतृत्व की यह नयी पांत पार्टी को धार देने की स्थिति में होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कई अवसरों पर देश में गृहयुद्ध भड़कने की आशंका व्यक्त कर चुके हैं, जो भुखमरी के बाद इमरान की गिरफ्तारी के खिलाफ भड़की हिंसा, भीषण उत्पात और सैन्य अधिष्ठानों पर हमलों से स्पष्ट है। क्या 1971 की भांति पाकिस्तान फिर से दो टुकड़ों में बंट जायेगा? उस समय सत्ता की लड़ाई और उस पर मजहबी कॉकटेल ने पाकिस्तान को दो-फाड़ कर दिया था।**

# वर्तमान पाकिस्तान की स्थिति बहुत रोचक है

**बलबीर पुंज**

पाकिस्तान में 9-10 मई को जो कुछ हुआ, वह कोई अनपेक्षित नहीं है। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान नियाजी के गिरफ्तार होने की संभावना बीते कई दिनों से थी। वे पाकिस्तान के शायद पहले ऐसे एकमात्र राजनेता हैं, जिसने सीधे पाकिस्तानी सेना को ललकारा है। यह खुला रहस्य है कि वहां के वैचारिक-राजनीतिक अधिष्ठान में सेना, मुल्ला-मौलवियों के साथ सर्व-शक्तिशाली है। इसलिए सेना से टकराने के बाद इमरान की गिरफ्तारी, वह भी किसी कुख्यात अपराधी की भांति उनका गिरेबान खींचते हुए-स्वाभाविक ही थी।

वर्तमान पाकिस्तान की स्थिति बहुत रोचक है। उसके शीर्ष राजनेताओं के साथ सैन्य अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज को वैसा जनसमर्थन प्राप्त नहीं है, जैसा इमरान को मिलता हुआ दिखता है। जिस प्रकार वर्ष 2017 से पहले इमरान खान को पाकिस्तानी सेना का प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन मिला हुआ था, जिसके बल पर वे प्रधानमंत्री भी बने-ठीक उसी तरह वैसा ही सैन्य संबल शहबाज को उपलब्ध है।

यह स्थापित करता है कि पाकिस्तान में सरकार भले ही किसी की हो, दमखम केवल सेना के पास ही रहेगा और हालिया अस्थिरता में भी अन्ततोगत्वा पाकिस्तानी सेना का दबदबा रहेगा। पाकिस्तान का इतिहास बताता है कि उसके सेना प्रमुखों को वहां के शीर्ष राजनीतिज्ञों को पटखनी देने में महारत प्राप्त है। वर्ष 2016 में जनरल बाजवा को तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने नियुक्त किया था। इसके अगले ही वर्ष जुलाई में नवाज को पाकिस्तानी सर्वोच्च न्यायालय ने अयोग्य ठहरा कर प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ कर दिया।

**पाकिस्तान में अकेले तहरीक-ए-तालिबान नामक आतंकी संगठन ने सैंकड़ों हमले करके 80 हजार पाकिस्तानी नागरिकों-सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है।**



**भारत-पाकिस्तान का विवाद किसी भू-क्षेत्र को लेकर नहीं है, अपितु इसी विभाजनकारी चिंतन का विस्तार मात्र है। जिस वैचारिक दर्शन से पाकिस्तान को वर्तमान स्वरूप मिला है, वह उसके अनुरूप अपने संसाधनों का बहुत बड़ा हिस्सा काफिर भारत के खिलाफ आतंकवाद को पोषित करने में व्यय कर रहा है, तो वहीं रक्तबीज अब उसके लिए भी भस्मासुर बन रहे हैं।**

कहा जाता है कि इसकी पटकथा स्वयं पाकिस्तानी सेना ने लिखी थी, क्योंकि जिस जांच समिति की रिपोर्ट को आधार बनाकर शरीफ पर कार्रवाई की गयी थी, उसमें पाकिस्तानी खुफिया एजैंसी आइएसआइ और सेना के अधिकारी भी शामिल थे। नवाज (1999) के अतिरिक्त सिकंदर मिर्जा (1958) और जुल्फिकार अली भुट्टो (1977) भी सैन्य तख्तापलट का स्वाद चख चुके हैं। लियाकत अली (1951) और बेनजीर भुट्टो (1995) इससे बचने में सफल तो हुए, किंतु कातिलाना हमले में अपनी जान से हाथ धो बैठे।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कई अवसरों पर देश में गृहयुद्ध भड़कने की आशंका व्यक्त कर चुके हैं, जो भुखमरी के बाद इमरान की गिरफ्तारी के खिलाफ भड़की हिंसा, भीषण उत्पात और सैन्य अधिष्ठानों पर हमलों से स्पष्ट है। क्या 1971 की भांति पाकिस्तान फिर से दो टुकड़ों में बंट जायेगा? उस समय सत्ता की लड़ाई और उस पर मजहबी कॉकटेल ने पाकिस्तान को दो-फाड़ कर दिया था। क्या यह सत्य नहीं कि वर्तमान परिदृश्य भी 1971 के प्रकरण से मेल खाता है?

प्रधानमंत्री पद से हाथ धोने के बाद इमरान और उनकी पार्टी सत्तारूढ़ दल के खिलाफ आक्रामक और इस्लामी विमर्श की शरण में है। वे अपनी रैलियों में पाकिस्तान को रियासत-ए-मदीना बनाने का वादा कर रहे हैं। इसी से नाराज होकर एक जिहादी ने इमरान पर गत वर्ष जानलेवा हमला कर दिया था, जिसमें वे बच निकले, तो अभी 6 मई को उन्मादी भीड़ ने खैबर पख्तूनख्वा में एक इमरान समर्थक को इसलिए पीट-पीट कर मार डाला, क्योंकि उसने इमरान की तुलना पैगंबर मुहम्मद साहब से कर दी थी।

जहां भारत दुनिया की बड़ी सामरिक-आर्थिक शक्तियों में एक है, वहीं पाकिस्तान अस्थिर क्यों है? इस स्थिति का कारण वह विषाक्त मानसिकता है, जिसके परिणामस्वरूप उसका जन्म हुआ था। इस कॉलम में पहले भी कई बार अकाट्य तर्कों के आधार पर स्थापित किया गया है कि भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले लोगों की विरासत, संस्कृति और पुरखे सांझे हैं, परंतु जिस भी कारण (छल-बल सहित) वर्तमान पीढ़ी के पूर्वजों ने मतांतरण के बाद इस्लाम को अपनाया, उन्होंने काफिर-कुफ्र अवधारणा से प्रेरित होकर अपने सहबंधुओं और अपनी मूल सनातन संस्कृति से दूरी बनाना प्रारंभ कर दिया।

इसके अगले चरण में यह फासला घृणा में, तो कालांतर में शत्रुता में परिवर्तित हो गया। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि विश्व के इस भूखंड में बसे इस्लामी अनुयायियों का बहुत बड़ा वर्ग, जिनके भी पूर्वज हिंदू या बौद्ध थे- वे अपने अतीत को नकारते हुए अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर में असंख्य मंदिरों, गुरुद्वारों और देवी-देवताओं की मूर्तियों को ध्वस्त कर चुके हैं। यही चिंतन खंडित भारत में निकलने वाली हिंदू शोभायात्राओं पर मुस्लिम समाज के एक वर्ग को पत्थरबाजी के लिए उकसाती है।

भारत-पाकिस्तान का विवाद किसी भू-क्षेत्र को लेकर नहीं है, अपितु इसी विभाजनकारी चिंतन का विस्तार मात्र है। जिस वैचारिक दर्शन से पाकिस्तान को वर्तमान स्वरूप मिला है, वह उसके अनुरूप अपने संसाधनों का बहुत बड़ा हिस्सा काफिर भारत के खिलाफ आतंकवाद को पोषित करने में व्यय कर रहा है, तो वहीं रक्तबीज अब उसके लिए भी भस्मासुर बन रहे हैं। पाकिस्तान में वर्ष 1967-2021 के बीच 1500 से अधिक ईशनिंदा के मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें कई आरोपियों (मुस्लिम सहित) को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मजहबी भीड़ ने या तो मौत के घाट उतार दिया या फिर उनसे मारपीट की।

बात केवल यहीं तक सीमित नहीं। पाकिस्तान में अकेले तहरीक-ए-तालिबान नामक आतंकी संगठन ने सैंकड़ों हमले करके लगभग 80 हजार पाकिस्तानी नागरिकों-सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है। वर्ष 2001-2018 के बीच सांप्रदायिक घटनाओं में 4,847 शियाओं की सुन्नी कट्टरपंथी हत्या कर चुके हैं। 20 लाख अहमदी मुसलमान पाकिस्तान में रहते हैं, जो 1974 में आधिकारिक रूप से गैर-मुस्लिम घोषित होने के बाद से मजहबी घृणा का शिकार हो रहे हैं। यह ईको-सिस्टम पाकिस्तानी वैचारिक अधिष्ठान की देन है।

## जमशेदपुर की खबरें

### जनता से जुड़ी सभी समस्याओं का हो रहा समाधान: मंगल कालिंदी

# बिजली की समस्याओं को लेकर विधायक गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विधायक मंगल कालिंदी ने जन समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। भीषण गर्मी को देखते हुए विधायक ने बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार सुधार की प्रयास करने में जुटे हैं। गुरुवार को सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने जुगसलाई क्षेत्र के मच्छी मोहल्ला के लोगो की परेशानी को देखते हुए 200 केवी नया ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन किया। मौके पर स्थानीय लोगो ने विधायक के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया मच्छी मोहल्ला के लोगो ने बिजली की समस्याओं को लेकर अवगत कराया था। भीषण गर्मी में जनता की परेशानी को संज्ञान में लेते हुए 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया ताकि क्षेत्र के लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। विधायक ने कहा हेमंत सरकार में जनता से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जा रहा है।



इस अवसर पर श्यामू मल्लिक, झामूमो के वरिष्ठ नेता मोहम्म्मद जमिल, पन्ना भाई, कल्लू मल्लिक, मोहम्मद समशेर, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, झामूमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, नगर परिषद अद्यक्ष समसाद, तपशीर, तस्लीम, अब्दुल कादिर, सिमरन भाटिया, अब्दुल फारुक, जावेद, अफताब आलम, बाबू मास्टर सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चक्रधरपुर ईटोर पंचायत के ग्रामीणों के साथ विधायक सुखराम उरांव ने की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** विधायक सुखराम उरॉव ने अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। गुरुवार को चक्रधरपुर प्रखण्ड के ईटोर पंचायत अंतर्गत मानीसाई और उलीबेड़ा के ग्रामीणों के साथ विधायक ने बैठक की। बैठेक में सैकड़ों ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्या से विधायक को अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क और आरसीसी पुलिया निर्माण के लिए विधायक से मांग की। वही ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने जल्द सुधार करने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीण मुंडा शंकर बोदरा, वार्ड सदस्य सीनु बोदरा, बुढ़न सिंह बोदरा, राम बोदरा, जापान सुंडी, झामुमो जिला सह सचिव सह प्रखण्ड उप प्रमुख विनय प्रधान, प्रदीप महतो हरिश होनहागा, अमर सिंह बोदरा, दिलीप बोदरा सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

# कर्मचारियों की मांग को लेकर प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सरायकेला-खरसावां त्रिपाठी गुट कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने अंजनी कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में महासंघ कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान चाईबासा, चालियामा, राजनगर, गालूडीह, मुसाबनी, घाटशिला, मानगो और आदित्यपुर के सैकड़ो कर्मचारी शामिल रहे। सभी सदस्यों ने मुख्य अभियंता ईचा गालूडीह कॉम्प्लेक्स आदित्यपुर के द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को वर्षो से टाल मटोल कर लटकाने का आरोप लगाया, जिसको लेकर सभी आक्रोशित है।




उन्होंने बताया तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी का प्रमोशन कयी दिनों से लंबित है। रिक्त पद होने के कारण भी प्रमोशन नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारी में काफी दिनों से मायूसी छाई हुई है। जिसके विरोध में प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में यह निर्णय लिया गया अगर उनकी मांगों को मुख्य अभियंता के द्वारा गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन के लिए कर्मचारी बाध्य होंगे। वही कर्मचारियों ने 19 जून से 23 जून तक मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 26 जून से अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित कर उग्र आंदोलन किया जायेगा।

मौके पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, नील मोहन बानरा, प्रणव शंकर, सुधीर किस्कू, रूपेश कुमार, सुधीर महतो, सुतपा मंडल, रोहिन महतो, इन्द्र नाथ महतो, कुश लोहरा, एतवा तिर्की, हरेंद्र बनर्जी, अरविंद कुमार, अजय सिंह, परेश गोराई, राज कुमार महतो, अवनीत कुमार, हरिचरण सोय, मिथिलेश कुमार, अम्बुज महतो, सुरेश झा सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

# झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कदमा शास्त्रीनगर मामले में मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा गठित एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मुलाकत की। गुरुवार मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से शास्त्रीनगर मस्जिद से गिरफ्तार किये गये नमाजियों को रिहाई के लिए की मांग की। साथ ही मस्जिद में तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध करवाई की भी मांग रखी। मौके पर उन्होंने बताया विगत दिनों शास्त्री नगर में घटी घटना के उपरांत निर्दोष नमाजियों को लगभग एक माह से जेल में रखा गया है। जिनकी रिहाई को लेकर मांग पत्र दिया गया। यदि जिला प्रशासन की उदासीनता दिखी तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधिमंडल में शेख बदरुद्दीन, बाबर खान, सरफराज हुसैन,बिनोद डे, प्रीतम हेमब्रेन, दवालू राकेश राव, ओमानाथ झा, सतपाल सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# समर कैंप का पूर्व मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एग्रिको मैदान में हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन का 20वें समर कैंप का आयोजन किया गया। गुरुवार को समर कैम्प में मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विशिष्ट अतिथि वाई आनंद सम्मानित अतिथियों में ध्यक्ष जेपी सिंह और भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कैम्प का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर कयी कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुल 18 दिनों के समर कैंप में 300 से अधिक बच्चे भाग लेंगे। कैम्प की गतिविधि प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक चलेगी। 28 मई को मनोरंजक कार्यक्रम के साथ कैम्प का समापन किया जायेगा। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा समर कैम्प में अलग-अलग विशेषता वाले बच्चे को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चे की शारीरिक और बौद्धिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। श्री दास ने कहा जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद जरूरी है। बच्चे पढ़ाई और कंप्यूटर युग के तकनीकी दौर में मैदानी खेलों से दूर होते जा रहे हैं। गर्मियों की छुट्टी में प्रतिभाशाली बच्चों को तराशने के लिए जमशेदपुर हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन का समर कैंप का आयोजन सराहनीय है। मौके पर रंबाबू तिवारी ,बाला दूबे , पप्पू,सुनील आहूजा,समीर घोष, छोटेलाल मुखी, अरुण कुमार, अनिल पांडे, प्रेम, विशाल, रवि कुमार, बबलू, चंदर, अजय, देव प्रकाश, दिनेश जयशंकर अजय ,रमेश अग्रवाल, जीवन लाल, रवि, नरेश, सुशील श्रीवास्तव, माहिल सदस्यों में अनुष्का, पायल, आरती,ऋतु सहित अन्य शामिल रहे।



# एसपी ने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के दिये सख्त निर्देश



**गढ़वा एसपी ने बंशीधर नगर थाने में पुलिस पदाधिकारियों के साथ की लंबित अनुसंधान की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने गुरुवार को श्री बंशीधर नगर थाने में अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस निरीक्षकों के साथ अपराध को लेकर समीक्षा बैठक की।

इस दौरान क्रमवार सभी थाना की समीक्षा कर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अनुमंडल के सभी थाने के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इसमें विगत पांच वर्षों से लंबित कांडों व लंबित अनुसंधान की समीक्षा की गयी। साथ ही पोक्सो एक्ट की भी समीक्षा कर लंबित कांडों विशेषकर जो पांच वर्षों से लंबित हैं उसका निष्पादन करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश सभी थाने के पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। एसपी ने अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने से संबंधित सख्त निर्देश दिया। सघन गश्ती करने, वाहन चेकिंग अभियान चलाने, बाइक पर ट्रिपल राइडिंग व तेज गति से बाइक चलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखने, अपराधियों को गिरफ्तार करने, कुर्की जब्ती वारंटो का निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया।

मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, श्री बंशीधर नगर अंचल के प्रभारी पुलिस निरीक्षक के के साहू, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार, रमुना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, विशुनपुरा थाना प्रभारी निमिर हेस्सा, केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार, हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार, पुलिस पदाधिकारी कुमार विक्रम सिंह, कुणाल किशोर सहित सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू उत्खनन को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के बेलचंपा कोयल नदी से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को गढ़वा पुलिस ने पकड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान में बेलचंपा गांव से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को पकड़ कर जब्त करते हुए गढ़वा थाना लाया गया है। साथ ही पकड़े गए ट्रैक्टरों के विरुद्ध परिवहन रूल के तहत कार्रवाई के साथ-साथ माइनिंग रूल के तहत कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भी प्रतिवेदित किया गया है। इधर जिला परिवहन पदाधिकारी की छापेमारी अभियान में बेलचंपा से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर पकड़े गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है और अवैध उत्खनन में लिप्त वाहनों एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर नदियों से बालू का अवैध उत्खनन नहीं करने दिया जाएगा। जो भी अनधिकृत रूप से नदियों से बालू का अवैध उत्खनन करता हुआ पकड़ा जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवैध खनन कर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि अवैध उत्खनन के कृत्य से बाज आएं। अन्यथा जिले के नदियों से अवैध उत्खनन के विरुद्ध प्रशासन की पैनी नजर है। कोई भी अवैध कर्ता बख्शा नहीं जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से अवैध बालू खनन का धंधा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जोर शोर से चल रहा है। यही कारण है कि लगभग प्रत्येक रोज बालू माफियाओं के विरुद्ध पुलिस और खनन अधिकारियों द्वारा कहीं ना कहीं छापेमारी की जाती रही है। जिसमें सैकड़ों वाहन अब तक जब्त किये जा चुके हैं।

# मवि अधौरा की पूर्व संयोजिका के निधन पर शोक

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी गोपाल राम की 70 वर्षीया पत्नी सह मध्य विद्यालय अधौरा की पूर्व संयोजिका राम प्यारी देवी की मौत गुरुवार को हो गयी। वह उम्र के अनुसार काफी ठीक थीं। मृत्यु से कुछ घंटा पहले वह घरेलू कार्य करते देखीं गईं थीं। लेकिन उसके कुछ देर बाद आज सुबह में अचानक मृत्यु हो गयी। उधर पूर्व संयोजिका की मृत्यु से विद्यालय परिवार के बीच शोक व्याप्त है। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि पुत्र सुदर्शन राम ने दी।

**कार्यक्रम :** शहर के मदरसा में हज यात्रियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

# मंत्री मिथिलेश ने 60 हज यात्रियों को उपहार प्रदान कर किया स्वागत

**राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि आत्म संतुष्टि के लिए करता हूं सेवा कार्य : मिथिलेश ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के मदरसा में गुरुवार को हज यात्रियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा जिला से हज पर जाने वाले सभी 60 यात्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी हज यात्रियों एवं आगंतुकों के लिए दावत का भी आयोजन किया गया था। मंत्री श्री ठाकुर ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान काम आने वाली वस्तुएं ड्राई फ्रूट, शॉल आदि उपहार स्वरूप प्रदान किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे पिछले करीब 12 वर्षों से हज यात्रियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान कर हज यात्रा के लिए रवाना करते आ रहे हैं। साथ ही शिव भक्तों को भी बोल बम एवं अन्य तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर भेजते हैं।

मंत्री ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक आदि सेवा कार्य करना उनकी आदत में शामिल है। इस प्रकार के सेवा कार्य वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि आत्म संतुष्टि के लिए करते हैं। इन सेवा कार्यों से उन्हें बहुत ही सुखद अनुभूति मिलती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र का माखौल उड़ाया जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे खूबसूरत देश है। यहां सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोग आपस में मिलजुल कर आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ रहते हैं। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर पर्व, त्यौहार मनाते हैं। यहां विविधता में एकता का मिसाल है।

मंत्री ने सभी हज यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे हज यात्रा पर दुआ करें कि अपने देश की इस खूबसूरती को किसी की नजर न लगे। साथ ही देश की एकता, अखंडता, सुख एवं समृद्धि के साथ-साथ उनके लिए भी यह दुआ करें कि वे हमेशा सबों की सेवा कर सकें।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, सीओ कुमार मयंक भूषण, समाजसेवी डा. यासीन अंसारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, रेखा चौबे, मदनी खान, परेश तिवारी, डा. असजद अंसारी, डा.अरशद अंसारी, छुन्नू कुरैशी, मुखिया शरीफ अंसारी, हाजी निजामुद्दीन, दिलीप गुप्ता, अराधना सिंह, डा. जियाउल हक, गुरुदत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तबीब आलम ने किया।

# भाजयुमो संगठन की मजबूती को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी घोषित

**नवनियुक्त सभी प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं प्रवासी प्रभारी के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करेंगे : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने जिले भर में मंडल सशक्तिकरण संगठन मजबूती को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी की घोषणा की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा जिला में भाजयुमो संगठन से युवाओं को जोड़कर मंडल स्तर पर संगठन को और भी सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए मंडल स्तर पर प्रभारी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंडल सशक्तिकरण के दौरान युवाओं के बीच जिले भर के सभी मंडल में युवा चौपाल भी लगाया जाएगा। इसको लेकर सभी जगह मंडल प्रभारी बनाये गये हैं। जिसमें विकास तिवारी को गोवावल एवं रंका उत्तरी, अभिमन्यु गुप्ता को रंका दक्षिणी, जितेन्द्र चौबे को रमकंडा, जयप्रकाश गुप्ता को श्री बंशीधर नगर मंडल एवं बिशुनपुरा, हैप्पी प्रताप शाही को श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल एवं धुरकी, रुपेश अग्रवाल को सगमा, रत्नेश ठाकुर को डंडई, राजीव रंजन पासवान को खरौंधी एवं भवनाथपुर, जितेन्द्र दीक्षित को केतार, रामानुज सिंह को हरिहरपुर, नवीन जायसवाल को बड़गड़ एवं नगर मंडल गढ़वा, अरुण तिवारी को डंडा मंडल, बिपिन तिवारी को मेराल उत्तरी मंडल, संजय जायसवाल को गढ़वा ग्रामीण मंडल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय को रमना, डॉ लालमोहन को मेराल दक्षिणी मंडल, संजय कमलापुरी कांडी एवं बरडीहा मंडल, अविनाश पासवान को चिनियां मंडल, कंचन रवि को मझीआंव शहरी मंडल, शिवम भारद्वाज को मझीआंव ग्रामीण मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नवनियुक्त सभी प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं प्रवासी प्रभारी के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडल सशक्तिकरण के दौरान मंडल स्तर पर संगठन से युवाओं महिलाओं को भी जोड़ा जाएगा।

मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री संजय कमलापुरी मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान लक्ष्मीकांत पाण्डेय नवीन जायसवाल सोशल मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी अजीत तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# पीने का पानी की समस्या से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र सोनपुरवा के लोगों को रात भर जाग कर कई किलोमिटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पीने के पानी की समस्या से परेशान गढ़वा नगर परिषद के सोनपुरवा शिव ढोड़ा मंदिर के पास के लोग पीने के पानी के लिए काफी परेशान हैं। इन्हें पानी के लिये रात भर जाग कर कई किलोमिटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। मुहल्लेवासियों ने बताया कि उनको पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। समस्याएं दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही हैं। अक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारी का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने किया। साथ में गुड़िया देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, विंदा देवी, सुनीता देवी, मालती देवी, रेखा देवी, कुसुम कुमारी, ललिता देवी, नगीना देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, सुषमा देवी, रमादेवी, संगीता देवी, गीता देवी, मनीष प्रसाद, संतोष साव,लाली सोनी, दीपक गौड़, मुकेश पाण्डेय एवं कुंदन यादव ने आदि ने कहा कि हम लोगों को घरों में पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिस कारण से आम लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोग पीने के पानी को लेकर खासे परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में एक बार नहीं कई अधिकारियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद समस्या को दूर करने के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। कल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा एक हफ़्ते का समय लिया गया है उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि वैकल्पिक व्यवस्था से पानी की सप्लाई की जाएगी।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हर रोज इस गर्मी के मौसम में सुबह से लेकर शाम तक पीने के पानी का ही प्रबंध करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द पीने के पानी की समस्या दूर नहीं की गयी तो आने वाले दिनों में लोग उग्र प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# गढ़वा उपायुक्त ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विषय पर दी जानकारी

**जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन 15 मई 2023 तक विद्यालय के कार्यालय में जमा करना होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विषय पर विस्तृत जानकारी देने हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार हेमंत सोरेन द्वारा चयनित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में गढ़वा जिले से तीन उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ विगत 2 मई 2023 को किए जाने की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त ने बताया कि चयनित तीन उत्कृष्ट विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट विद्यालयों में मुख्य रूप से राजकीयकृत रामासाहू प्लस टू उच्च विद्यालय, राजकीयकृत कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़वा शामिल हैं। इन तीनों विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब या कंप्यूटर लैब, विषयवार नवीनतम प्रयोगशाला, अद्यतन पुस्तकालय, व्यवसायिक शिक्षा, विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधा, योग्य एवं अनुभवी शिक्षक इंटरनेट की सुविधा इत्यादि अधिष्ठापित की गई है। इन विद्यालयों में नामांकन हेतु आवेदन दिनांक 2 मई 2023 से 15 मई 2023 तक विद्यालय के कार्यालय में जमा करना होगा। नामांकन फॉर्म www.garhwa.nic.in एवं www.jepc.jharkhand.gov.in के अलावे जिला कार्यालय एवं विद्यालयों में उपलब्ध है।

इनमें राजकीयकृत रामा साहू प्लस टू उच्च विद्यालय के वर्ग 6 में कुल 80, वर्ग 7 में कुल 80, वर्ग 8 में कुल 80 एवं वर्ग 9 में कुल 120 सीट उपलब्ध है। इसी प्रकार राजकीयकृत कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय के वर्ग 9 में कुल 120 सीट उपलब्ध है। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़वा के वर्ग 6 में कुल 25 सीट उपलब्ध है। कक्षा 6 एवं अन्य कक्षाओं में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 19 मई 2023 को आयोजित होगी। तदनुसार मेघा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन संबंधी जानकारी हेतु हेल्पडस्क बनाया गया है। राजकीयकृत रामा साहू प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य राजाराम पासवान जिनका हेल्पडेस्क नंबर 72950 14400, राजकीयकृत कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद जिनका हेल्पडेस्क नंबर 78704 59082, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़वा के प्राचार्य अनुपा प्रतिभा तिर्की जिनका हेल्पडेस्क नंबर 9431553306 है। इसके अलावा जिला स्तरीय हेल्प डेस्क के नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा, जिनका संपर्क संख्या 62035 03953 है। नामांकन से जुड़े किसी भी प्रकार की सहायता हेतु उक्त नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में उपायुक्त ने मीडिया के माध्यम से सभी अभिभावक एवं आम जनता से अपील की कि सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना के तहत सभी वर्ग के बच्चे नामांकन हेतु एडमिशन फॉर्म लेकर निर्धारित तिथि के अंदर अपना फॉर्म जरूर जमा करें। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक, मिथिलेश केरकेट्टा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय, प्राचार्य, राजकीयकृत कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय रेयाज अहमद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# समाजसेवी विकास दुबे ने मृतक के परिजनों को खाद्य सामग्री प्रदान कर किया सहयोग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी निवासी कृष्णा मिश्कार की मौत होने के बाद आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण उनके ब्रह्मभोज का आयोजन करने में परिजनों को काफी दिक्कतें हो रही थीं। जिसको लेकर समाजसेवी विकास दुबे ने पीड़ित परिवार को सहयोग प्रदान किया। विदित हो कि कृष्णा की मौत एक सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। वह अपने पीछे पत्नी व बच्चों को छोड़ गया है। सूचना पाकर युवा समाजसेवी विकास दुबे ने मृतक के घर पहुंच कर गहरा शोक प्रकट करते हुए परिजनों को धैर्य बंधाया। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने ब्रह्मभोज के लिए सहयोग के रूप में खाद्य सामग्री प्रदान की। श्री दुबे ने कहा कि पूरी ईमानदारी व जज्बा के साथ विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का सेवा करने हेतु 24 घंटे सेवा में हाजिर हूं और आगे भी सेवारत रहूंगा। जरूरत पड़ने पर कोई भी असहाय व गरीब व्यक्ति मुझसे सीधे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। मौके पर मुखिया विजय राम, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, मृत्युंजय अंसारी, जयप्रकाश सोनी, सूर्यदेवपाल, सत्येंद्र पासवान, शम्भू पांडेय सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व विकास को लेकर कराया गया बाल संसद का चुनाव

# बाल संसद चुनाव के परिणाम की घोषणा सह शपथ ग्रहण समारोह आज

**गुप्त मतदान के लिए पर्यवेक्षक के रूप में चंदन कुमार और शुभम जयसवाल की देखरेख में प्रतिस्पर्धात्मकता तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व विकास को लेकर बाल संसद चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से कराया गया। चुनाव का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कांत पाठक ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधन में सहभागिता के मद्देनजर बाल संसद का निर्वाचन कराया गया है, ताकि बच्चों के अंदर कुशल नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास का गुरु मंत्र सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वालों के अंदर नेतृत्व क्षमता, मतदान की महत्ता और सहपाठियों में लोकप्रियता के भाव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की सारी व्यवस्था बाल संसद के सहयोग से चलेगी। वहीं आयोजित गुप्त मतदान के लिए पर्यवेक्षक के रूप में चंदन कुमार और शुभम जयसवाल की देखरेख में प्रतिस्पर्धात्मकता तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। वहीं दोनों पर्यवेक्षकों ने मतदान प्रक्रिया की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। चुनावी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक तरीके से कराने के लिए अधिसूचना जारी करने के बाद अलग-अलग तिथियों में नामांकन व नाम वापसी के साथ विधिवत चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ-साथ शिशु भारती पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार पांडे, मतदान कर्मी आरती श्रीवास्तव तथा तन्वी जोशी, बालभारती पीठासीन अधिकारी विवेक कुमार, मतदान कर्मी नंदलाल पांडे तथा सतेंद्र प्रजापति, किशोर भारती पीठासीन अधिकारी सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, मतदान कर्मी सुजीत कुमार दुबे एवं प्रसून कुमार, कन्या भारती पीठासीन अधिकारी नीरज कुमार सिंह, मतदान कर्मी अशोक कुमार तथा रेनू कुमारी का अहम योगदान रहा। बाल संसद के चुनाव में मत पेटी बैलेट पेपर सहित अन्य चुनावी प्रक्रिया अपनाए जाने से जहां बच्चों को लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी प्रक्रिया सीखने का मौका मिला, वहीं यह चुनाव बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र भी बना रहा। बताते चलें कि बाल संसद चुनाव की परिणाम की घोषणा सह शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 12 मई को होगी। चुनाव कार्य को संपन्न कराने में कौशलेंद्र झा, पिंटू कुमार सिंह, दिनेश कुमार, अविनाश कुमार, सुप्रिया कुमारी, रेनू पाठक आदि का नाम शामिल है।

## कुल 133 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे

**बाल संसद के चुनाव में शिशु, बाल, किशोर एवं कन्या भारती हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेनापति, सह सेनापति, सचिव और सह सचिव पदों के लिए कुल 133 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। इनमें शिशु भारती में 19, बाल भारती में 176, किशोर भारती में 91 एवं कन्या भारती में 45 यानी कुल 331 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।**

# एक सप्ताह के भीतर आवास का कार्य शुरू नहीं करनेवाले लाभुकों पर होगी कानूनी कार्रवाई

**लंबित आवास लाभुकों को राशन, पेंशन एवं अन्य योजनाओं से किया जाएगा वंचित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आवास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के लंबित प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को बुलाया गया। मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में सहायक तकनीकी पदाधिकारी कमलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने लाभुकों से आवास कार्य पूर्ण नहीं कराये जाने का कारण पूछा। कुछ लाभुकों ने पानी की अनुपलब्धता बतायी। कमलेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना को लंबित रखने से दूसरे लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर आवास कार्य शुरू करने की अंतिम चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर जो लाभुक आवास का कार्य शुरू नहीं करते हैं उनके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करते हुए पैसे की वसूली की जाएगी। वहीं आवास समन्वयक रवि रंजन कुमार ने लाभुकों को हिदायत दी कि आवास कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को सरकारी योजना राशन, पेंशन एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही दूसरे जिले की तर्ज पर लाभुकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पैसे की वसूली की जाएगी। मौके पर रोजगार सेवक धीरेंद्र विश्वकर्मा, स्वयंसेवक राज किशोर सिंह, सुनील राम, रविकांत चंद्रवंशी, कुमारी जूही गुप्ता, कुंदन प्रसाद, रामा शंकर प्रसाद, विवेक पाल, सुमंती देवी, वार्ड सदस्य अंजली भारती, अशोक पासवान सहित प्रधानमंत्री आवास के लाभुक उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण में हज जाने वाले यात्रियों को लगेंगे टीके

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 13 मई को हज माह के अंतिम समय में जाने वाले हज यात्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण में सभी को मेनेनजाइटिस का टीका के साथ पोलियों की खुराक भी सदर अस्पताल के जानिब से होटल अल सफा अमला टोली में दिया जायेगा। इस मौके पर सभी हज यात्री को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक हज के नियम कायदे से प्रशिक्षक हाजी हासिम द्वारा दी जायेगी। हाजी हासिम ने बताया की हज की अंतिम किस्त हज कमिटी को सभी यात्री अवश्य एसबीआई ब्रांच में जमा कर इसकी जानकारी लोहरदगा हज कमिटी को देना लाजमी है ताकि अंतिम प्रक्रिया अपनायी जा सकें।

## परिवहन विभाग ने 25 हजार जुर्माना राशि वसूली



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला परिवहन विभाग लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र बक्सीडीपा के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत वाहन जांच के दौरान दो चक्का, टेम्पू, चार पहिया वाहन का जांच किया गया। जांच के क्रम में मोटरसाइकिल चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन से संबंधित अन्य कागजात का जांच किया गया। वहीं मोटरसाइकिल चालकों को बिना हेलमेट और लाइसेंस, वाहन के कागजात के बिना पकड़े जाने पर 25 हजार रूपया जुर्माना राशि वसूली की गयी। वाहन जांच के दौरान सड़क सुरक्षा से अमृतेश्वरी गिरी, अमरेश कुमार सहित सेन्हा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## 29 अप्रैल से 15 मई तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा दिवस



कैरो(आजाद सिपाही)। प्रखंड में पेयजल और स्वच्छता प्रकल्प के तत्वधान में 29 अप्रैल से 15 मई 2023 तक मनायें जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को प्रखंड के गुड़ी और गजनी पंचायत में पंचायत भवन, गली मुहल्लों में श्रमदान कर साफ सफाई की गयी और पंचायत प्रतिनिधियों, जल सहिया और गणमान्य लोगो के द्वारा स्वच्छता शपथ ली गयी। मौके पर ठोस और तरल कचरा का सम्पूर्ण निपटान करने स्वच्छता के आयामो को पालन करने की शपथ ली गयी। मौके पर पेयजल और स्वच्छता प्रकल्प के प्रखण्ड समन्वयक खालिक, मुखीया सुमन उराँव, चन्द्रमुनी, जल सहिया रुकैया खातून, अनिता उराँव, सिमा, सावित्री, होसयानी लकड़ा, सरस्वती उराँव, विनीता, मुन्नी, अनिता लकड़ा, पंचायत सेवक श्यामदयाल उराँव, रोजगार सेवक हिफ्जूल रहमान, मंसूर आलम, ग्रामीण उपस्थित थे।

### सभापति ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, दिये निर्देश

# झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय समिति ने किया लोहरदगा का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय समिति के दौरे के दौरान गुरुवार को जिले के पुस्तकालयों और अन्य विभागों की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति अपर्णा सेनगुप्ता ने की।

अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या, उपलब्ध पुस्तकें आदि की जानकारी दी गयी। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा नियोजन कार्यालय स्थित पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों और वहां अध्ययन करनेवाले बच्चों की जानकारी दी गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जिला में एनएफएसएम योजना, हरा राशन कार्ड योजना, पीटीजी डाकिया योजना और सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत लाभुकों की संख्या की जानकारी दी गयी। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन संबंधी और 13 मई को डालसा, लोहरदगा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी विभिन्न माध्यमों से देने की बात कही गयी। कौशल विभाग द्वारा जिला में निष्ठा और आइसेक्ट के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने संबंधी और प्लेसमेंट संबंधी जानकारी दी गयी। पथ निर्माण विभाग, लोहरदगा द्वारा जिला में तीन पथों और दो उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण संबंधी जानकारी दी गयी। भवन प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा जिला में निमार्णाधीन नया समाहरणालय भवन, अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय और न्यायालय भवन निर्माण की अद्यतन जानकारी दी गयी। इसके अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन विभाग, खेलकूद विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, परिवहन, नगर परिषद, सहकारिता विभाग, पशुपालन, खनन, आइटीडीए, उत्पाद विभाग, कारा विभाग, सहकारिता, पशुपालन, कल्याण, उद्योग, उत्पाद, प्रदूषण, समाज कल्याण आदि विभागों की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, डीडीसी समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मनिका क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

# सदन में मामला उठाने के बावजूद भवन खाली नहीं करा पाये विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता




मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप बाबु जगजीवन राम बालिका छात्रावास में संचालित गुरूकुल कौशल विकास केंद्र को अब तक नही खाली करा पाये विधायक रामचंद्र सिंह। यहां पर बताते चले की मनिका में बाबु जगजीवन राम बालिका छात्रावास मे पिछले कई वर्षो से जिले के दलित आदिवासी पिछड़े वर्ग के बच्चो को गुरूकुल कौशल विकास केंद्र के द्वारा स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने उक्त भवन मे चलाया जा रहा कौशल विकास केंद्र से खासा नाराज चल रहे थे। उन्होंने पिछले विधान सभा सत्र मे उक्त भवन मे खोले गये कौशल विकास केंद्र को खाली कराने का मामला उठाया था। मामले मे अपनी लोकप्रियता हासिल करने के लिए सोशल मिडिया पर भी खुब चमकाया गया था। भाजपा ने विधायक के इस मांग पर कड़ी आपत्ति भी व्यक्त किया था। भवन को खाली कराने को लेकर विधायक के करीबी नेता लोग अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ कर देख रहे थे। मामले को उठाये गये तीन माह से ऊपर बीतने को है। परंतु उक्त भवन को विधायक खाली नही करा पाये। विधायक ने मिडियाकर्मीयों के ऊपर भी सवाल खड़ा कर दिया।

वही इस संबंध मे छात्र जितेंद्र राम, रिंकू राम, पवन कुमार, मिथिलेश कुमार, अभय कुमार आदि कई दलित आदिवासी छात्रो ने कहा विधायक द्वारा सदन मे मामला को उठाकर ठंडे बस्ते मे डालना एक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का एक ऐजेंडा था। बहरहाल मनिका प्रखंड मे विधायक द्वारा सदन में मामला उठाये जाने के बावजूद भवन खाली नही होने से विधायक के वजूद पर ही लोग सवाल उठा रहे है।

## जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आहवान पर जिले के जनसेवक 9मईसे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ग्रेड पे कम करने के विरोध में उनका हड़ताल लगातार जारी है। धरना-प्रदर्शन में बैठे जनसेवकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि 10 सालों तक विभाग ने हमारी सेवायें ली। अब जब प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो कृषि निदेशक ने जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ के रघुनंदन राम ने 2012 में बहाल सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ देने व राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करने की मांग की। उन्होंने जनसेवक संवर्ग का नाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक या प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**धरना में ये रहे मौजूद**

धरना में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी,रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार और सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल थे।

## विपुल कुमार गुप्ता बने सहायक लोक अभियोजक

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। मेन रोड निवासी गिरजा प्रसाद गुप्ता के प्रपौत्र और मुरली गुप्ता के पुत्र विपुल कुमार गुप्ता सहायक लोक अभियोजक बने। उनकी पद स्थापना लातेहार में ही हुई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़ें श्री गुप्ता प्रारंभ से ही मेधावी छात्रों में रहे हैं। उन्होंने न्यायिक सेवा में भी सफलता हासिल किया था, लेकिन वे अंतिम रूप से चयनित नहीं हो पाये थे। श्री गुप्ता विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बनारस एवं प्रयागराज में रहकर कर रहे थे। उनके गृह शहर में ही गजटेड ऑफिसर बनने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर उमड़ पड़ी है। जिसमें उनके सहपाठी रहे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) बोकारो के प्रबंधक विकास कुमार उर्फ विक्की, आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में आवास दिवस मना



लातेहार (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास और झारखंड सरकार के निर्देशानुसार लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में आवास दिवस मनाया गया। आपको बता दें कि लातेहार जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार बरवाडीह, बालूमाथ, बरियातू मनिका, गारू, चंदवा, समेत सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में आवास दिवस मनाया गया जहां बीडीओ सीओ मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक पंचायत समिति स्वयंसेवक समेत सभी प्रतिनिधि मौजूद थे। आवास दिवस 11 मई से लेकर 30 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को सभी पंचायत भवन में मनाया जाना है।18/19/20/21/22 तक जितने भी आवास में पहला और दूसरा किस्त गया है उन सभी आवासों को पूर्ण करना है।

## आत्महत्या कांड की गुत्थी सुलझी, आरोपी पति गया जेल

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु करंज टोली निवासी गंदुर लोहरा की 21 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी ने अपने पिता के घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा यूडी कांड संख्या 26/22 दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा था। उसी दौरान पता चला कि सोनी कुमारी का विवाह कुडू थाना क्षेत्र के चिरी बड़का टोली निवासी राजाराम लोहरा के पुत्र मुकेश लोहरा के साथ संपन्न हुआ था। जो वैवाहिक जीवन कुछ ही माह अच्छे से बिता। लेकिन बच्चे को लेकर परिवारिक विवाद होने लगा तभी सोनी कुमारी ने कारण का पता लगाने लगी। और सच्चाई तक पहुंचते ही पति को पता चला तो गर्भपात कराने के लिए सोनी कुमारी को बिटामिन का दवा बता कर खिलाया गया। जब सोनी का तबियत बिगड़ने लगा तो उसे मायके भेज दिया गया। घटना को लेकर पति मुकेश लोहरा की संलिप्ता होने की संदेह पर वादिनी मृतक लड़की की मां सोनमईत देवी और बहन के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 18/23 दर्ज के आलोक में पुलिस कारवाई करते हुए चिरी निवासी राजाराम लोहरा का पुत्र मुकेश लोहरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा गया।

## संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय और सेवा ही आर्यवीर दल का मुख्य उद्देश्यः आचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन बच्चों को कई विधाओं, क्रियाओं एवं व्यायाम के प्रति रूपों का विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर के तीसरे दिन छत्तीसगढ़, असम एवं झारखंड के विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अलग-अलग जगहों से 91 प्रशिक्षुओं को व्यायाम के विभिन्न विधाओं का अभ्यास करा कर उन्हें शारीरिक रूप से बल दायक, मजबूत एवं शरीर में लचीलापन लाने के अभ्यास कराये जा रहे हैं।

आज आर्य वीर दल के बारे में बौद्धिक कक्षा के दौरान आर्यवीर का अर्थ बताया गया। जिसमें आर्य को श्रेष्ठ, निरुक्त में ईश्वर पुत्र कहा गया है। आने के 8 गुण, जिनमें ज्ञान, संतोष, मन पर नियंत्रण, दया, दान, विनम्रता, सत्य बोलना एवं इंद्रियों को वश में करने आदि के बारीकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराए गए। ज्ञातव्य हो की चरित्र निर्माण शिविर में लोहरदगा के विभिन्न ग्रामों के अलावे रांची, लातेहार, गुमला एवं सिमडेगा आदि स्थानों के प्रशिक्षु आये हुये हैं। जिन्हें मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक के विभिन्न विधाओं और अभ्यास के साथ उन्हें दीक्षा दी जा रही है। आर्य वीर दल का समापन समारोह अत्यंत भव्यता के साथ 15 मई 2023 सोमवार को मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री माननीय श्री रामेश्वर उरांव जी होंगे। उक्त जानकारी गुरुकुल के संचालक आचार्य शरचचंद्र आर्य ने दी।

## पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मेटेरियल की समस्या या मजदूरी भुगतान से सम्बंधित समस्याओं का समाधान के बारे चर्चा किया गया। सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव ने लाभुकों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कोई परेशानी नही होगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम 30 जून तक पत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालयों में आयोजित होगा। साथ ही कहा की प्रखंड क्षेत्र के सभी 11 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक निर्माण कार्य का लक्ष्य के अनुरूप कार्य नही हुआ है। और सैकड़ो आवास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं बीडीओ श्री चोपड़ा ने पीएम आवास के सभी लाभुकों से अपील करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम मे भाग लेकर अपनी सभी छोटी बड़ी समस्याओ का समाधान कराये और आवास को ससमय मे पुरा करने का प्रयास करें। मौके पर कनीय अभियन्ता संजीत कुमार के अलावे सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव तथा जनसेवक मौजूद थे।

## सिंजो मध्य विद्यालय मे 70क्विंटल चावल घोटाला

मनिका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के लातेहार जिला अध्यक्ष संदीप राम ने प्रधान सचिव स्कुली शिक्षा और साक्षरता रांची को पत्र लिखकर मनिका के सिंजो मध्य विद्यालय मे मध्याह्न भोजन के लिए लायी गयी। 70 क्विंटल चावल घोटाला के मामले को शिक्षा विभाग के द्वारा दबाने को लेकर निष्पक्ष जांच के लिए कमिटी गठित कर दोषियो पर कारवाई की मांग किया है। संदीप राम ने कहा है की बच्चो के निवाले को निगलने के मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की टीम ने विद्यालय में जाकर मामले की जांच की थी। जहां पर 70क्विंटल चावल के साथ साथ 87531रूपया 90पैसे का घोटाला सामने आया था। इसकी विभागीय जांच के लिए कमिटी गठित की गयी थी। उक्त मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने प्रधान सचिव शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियो पर कारवाई करने की मांग किया है। उसकी पत्रलिपी राम ने जिले के उपायुक्त सहित विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा को भी दिया है।

# बेरमो की खबरें

## लाह की चूड़ी बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार(बेरमो)। कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के ठाकुरपोंडा स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से सहयोगिनी संस्था की ओर से लाह की चूड़ी बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नाबार्ड के डीडीएम फिलमोन बिलुंग ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सूक्ष्म उद्यम विकास के तहत इस प्रशिक्षण में 15 दिनों तक लाह की चूड़ी बनाने का तकनीक सिखाया गया। जिसमें स्थानीय बैंक, सरकारी संस्था तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद स्थानीय बैंक तथा फाइनेंसियल संस्थाओं से जोड़कर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक गौतम सागर, सुषमा देवी, सुरजमनी देवी, कुमारी किरण, मंजू देवी, ममता देवी, नीलम देवी, शीला देवी, सुशीला देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, रिंकी देवी व अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## देश के विकास में कोयला मजदूरों का योगदान महत्वपूर्णः अनूप

**आउटसोर्सिंग का मजबूती से विरोध नहीं हुआ तो पब्लिक सेक्टर राष्ट्रीयकरण से निजी करण की ओर चला जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



कथारा। इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष इंडियन नेशनल माइंस वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया गया। पूर्व में इंटक के राष्ट्रीय सचिव में अनूप सिंह संगठन में अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे थे। केंद्रीय श्रम संगठन में बेरमो बोकारो का परचम हमेशा लहराता रहा है। आज उसी कड़ी में बेरमो आगे बढ़ रहा है। यह मजदूरों का प्रेम और विश्वास को दशार्ता है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा प्राकृतिक संरचना के विपरीत कोयला मजदूर जोखिम भरा कार्य कर देश के विकास में हमेशा अपने निरंतर सेवा देते रहे हैं। लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण इंटक जेबीसीसीआई में शामिल नहीं हो सका। अब एनसीडब्ल्यू 11 के 9 वीं बैठक में शामिल हुआ। दसवीं बैठक 19 तारीख को होना है जिस बैठक में वेतन समझौता पूरा हो सके इसका मजबूती से प्रयास होगा। संगठन की मजबूती के लिए यूनियन के पदाधिकारी मजबूती के साथ प्रबंधन के समक्ष मजदूर समस्याओं का रखें। जरूरत पड़ने पर परियोजना तथा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करने से पीछे नहीं रहूंगा। श्रमिक उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें उनके वेलफेयर प्राथमिकता होगी। सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मशीनों का सदुपयोग प्रबंधन सुनिश्चित करें। वर्तमान परिवेश में केंद्र की सरकार सभी पब्लिक सेक्टर को एक षड्यंत्र के तहत आउट सोर्स के बढ़ावा में अपनी योजना बना रखी है। जिसका मजबूती से विरोध नहीं हुआ तो पब्लिक सेक्टर का अस्तित्व राष्ट्रीयकरण से निजी करण की ओर चला जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीसीएल सचिव अजय कुमार सिंह संगठन सचिव वेद व्यास चौबे आशीष चक्रवर्ती युवा कांग्रेस के विजय यादव सीएस प्रसाद संतोष सिन्हा अमनदीप सिंह देवाशीष आश सुजीत मिश्रा मोहम्मद शमीम, अशोक यादव की उपस्थिति रही।

## महाविष्णु यज्ञ के लिए किया गया ध्वज और भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



नावाडीह(बेरमो)। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भेंडरा में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय महाविष्णु यज्ञ सह श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए देव स्थान हनुमान मंदिर पर भूमि पूजन कर ध्वज की स्थापना की गयी। यह कार्य आचार्य त्रिपुरारी पांडेय के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। इससे पूर्व ध्वज को हनुमान मंदिर से बैंड बाजे के साथ भेंडरा चौक, डुमरियाटांड, राजाटांड होते हुए यज्ञ स्थल पर लेकर आए। आचार्य त्रिपुरारी पांडेय ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से वायु मंडल पवित्र होता है। संसार में भरपूर खाद्यान्न सुख-समृद्धि वैभव में बढ़ोतरी होती है। मानव जीवन का कल्याण होता है। मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री स्व०जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश कुमार महतो, मुखिया नरेश विश्वकर्मा, पंचायत समिति सदस्य गोपाल यादव, उप मुखिया रुबी देवी, फूलचंद किस्कू, राजेंद्र यादव, सुकुमार विश्वकर्मा, पारस चौरसिया, बिटु विश्वकर्मा, गणेश नायक, उत्तम चौरसिया, विजय विश्वकर्मा, सौनू चौरसिया, कुलदीप ठाकुर, रामदयाल महतो, धनश्याम महतो, ललित रविदास, राजेश प्रसाद महतो आदि मौजूद थे।

# थाना के पदाधिकारी क्षेत्र और थाना के अंदर आमजनों से बनाये रखें मधुर व्यवहार : एसपी



**एसपी ने किया सदर थाना का औचक निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब ने गुमला के सदर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में उपलब्ध पंजी, सीडी पार्ट-1, 2, 3, इन्डेक्स एवं प्राप्ति - निर्गत पंजी तख्ती, गुण्डा, लूट, गिरोह, डकैती, दागी उग्रवाद, खतियान, अल्फाबेटिकल, एमओ इत्यादि अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपर्युक्त सभी संचिकाओं को अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गुमला थानांतर्गत सभी पंचायत भवनों पर रक्षक बीट सिस्टम लगाकर निगरानी रखने तथा थाना क्षेत्र निवासी जेल से बाहर आये अपराधियों का थाना हाजरी, डोसियर एवं निगरानी पंजी में अंकित व्यक्तियों पर क्यूआर कोड तथा रक्षक ई बीट पुलिसिंग के माध्यम से निगरानी रखने हेतु डाटा अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। गुमला थाना के सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र में तथा स्वागत कक्ष में आमजनों से मधुर व्यवहार बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

थाना प्रभारी, गुमला को थाना में फरियाद लेकर आये आमजनों को पानी एवं बैठने का उचित व्यवस्था करने तथा थाना परिसर को साफ-सुथरा रखने, थाना परिसर एवं थाना भवन का सुन्दरीकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

# बजरंगबली मंदिर में भगवान कार्तिकेय की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के घाटो बगीचा स्थित बजरंगबली मंदिर में गुरुवार को भगवान कार्तिकेय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ आचार्य ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन कराया। इस अवसर पर खुशबू कुमारी ने बताया कि बजरंगबली के मंदिर में भगवान कार्तिकेय की मूर्ति स्थापना करने का निर्णय लिया गया था, इसी निमित 10 मई को कलश यात्रा निकालकर मंदिर परिसर पहुंचे और पूजन की गई। जिसके बाद गुरुवार को आचार्य के द्वारा पूजन कराकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। वहीं हजारों की संख्या में मौजूद भक्तगण को महिला भक्तों द्वारा भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें भक्तगण व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए भगवान कार्तिकेय को नमन किया। इस मौके पर डॉ. अनुपमा कुमारी, नीलम केसरी, विमला महापात्र, खुशबू साहु, सुनीता सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, सबिंद्र सिंह, रीना देवी, शंकर सोनी, मीना देवी, पिंकी देवी, ममता देवी, प्रभा देवी, सीमा देवी, रश्मि केसरी, सविता देवी, उमा देवी, रीना देवी, अलका देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बसिया के कोनसकेली गांव में ग्राम सभा कर विभिन्न योजनाओं से संबंधित की गयी चर्चा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कोनसकेली गांव में गुरुवार को ग्राम प्रधान मुकुल सोरेंग की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा बैठक में मुख्य रूप से ग्राम सभा की नियमित बैठक और मजबूतीकरण, जंगल की वृक्षों के बचाव, आम बागवानी, मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा इसमें काम एवं भुगतान की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में स्वच्छता से संबंधित स्वच्छ जल और शौचालय के प्रयोग, कृषि से संबंधित जैविक खाद के रूप में केंचुआ खाद, दही तांबा घोल, जैविक कीटनाशक, शिवांश खाद इत्यादि का घर पर निर्माण और उपयोग के बारे में चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदान संस्था कि ओर से मधुप्रिया कुमारी शिवचरण गोप, गजेंद्र साहू, इंद्रावती देवी और ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : कृषि ऋण माफी योजना के तहत जिले 8 हजार किसानों का किया जाना है ऋण माफ**

# किसानों को केसीसी की सुविधा और छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**जिले के विभिन्न बैंकों के 63 शाखाओं में किसान सहायता केंद्र के माध्यम से मिलेगी किसानों को सहायता : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने बरसात का मौसम आने के पूर्व खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए जिले के कृषि विभाग और बैंकों को सक्रिय करते हुए किसानों तक यह सूचना उपलब्ध कराई जा रही है कि 15 जून तक सभी किसान अपनी अपनी समस्याओं का समाधान कर लें। ताकि मानसून ब्रेक करने के बाद खेती करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी या कोई आर्थिक समस्या से किसान खेती से वंचित ना रहे।

इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि 15 जून से पूर्व किसानों के लिए महत्वपूर्ण समय अंतराल है जिसके बाद किसान अपनी अपनी खेती में लग जाएंगे। इस बीच सबसे बड़ी समस्या उनके सामने निवेश योग्य राशि की होती है। किसानों को आगामी खरीफ की फसल में किसी प्रकार के आर्थिक दिक्कतों से न गुजरना पड़े इसके लिए सभी बैंकों में कृषि मित्रों के माध्यम से हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जहां कोई भी किसान केसीसी ऋण लेने या केसीसी ऋण माफी से किसी भी तरह की समस्या का निदान करा सकते हैं। जिसके लिए किसान अपने नजदीकी बैंक में पूर्वाह्न 11:00 से लेकर अपराह्न 1:00 बजे के बीच कभी भी जाकर कृषि लोन, केसीसी, ऋण माफी, नरेगा, आधार लिंकेज आदि से संबंधित विषयों पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बताते चलें कि जिले के 63 बैंक के ब्रांचों में कृषि हेल्प डेस्क लगाया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि कृषि ऋण माफी योजना के तहत जिले के लगभग 8 हजार किसानों का लंबित ऋण माफी किया जाना है। इसके लिए किसान अपने नजदीकी बैंकों में जाकर अपना ई केवाईसी करवा सकते हैं। जिसमें बैंक द्वारा किसानों के अकाउंट से प्रतीकात्मक एक रुपए की राशि काटते हुये ऋण राशि माफ कर दी जाएगी। इसको लेकर किसान सहायता केंद्र में किसानों को सहायता भी दी जाएगी।

इसके अलावा उपायुक्त ने जानकारी दी कि आगामी 16 एवं 17 मई 2023 को प्रखंड स्तरीय कैंप का भी आयोजन किया जाएगा जहां कृषि संबंधित समस्याओं के निदान करने के साथ-साथ छात्रवृत्ति योजना के लाभुक विद्यार्थी जिनका बैंक से संबंधित त्रुटियों या बैंक अकाउंट के नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं उनके लिए भी एक स्टॉल लगाते हुए बैंक संबंधित सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। वहीं कैंप में पेंशन संबंधित समस्याओं का भी एक काउंटर लगाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 15 जून से पहले सभी परिवारों को इन सभी सुविधाओं से अच्छादित करना है जिसके लिए उपायुक्त ने अधिक से अधिक लोगों को कैंप में आकर इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। 16 एवं 17 मई को सभी प्रखंडों के अलावा टोटो एवं कोटाम में भी कैंप का आयोजन किया जाएगा। वहीं छुटे हुए लाभुक जो उक्त दिनांक में नहीं आ सकेंगे उनके लिए पुनः 29 एवं 30 मई को कैंप का आयोजन किया जाएगा।

कैंप में कृषि मित्र, उद्यमी मित्र, शिक्षा विभाग की टीम, जेएसएलपीएस की टीम, प्रज्ञा केंद्र मौजूद रहेंगे। जिनके द्वारा उक्त संबंधित विषयों पर सेवा दी जाएगी। उक्त कैंप के संचालन हेतु उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त हेमंत सती को नोडल पदाधिकारी बनाया है।

# भुगतान नहीं होने के कारण संवेदकों ने किया निविदा का बहिष्कार

**कहा- किये गये कार्य का भुगतान नहीं होने से हमारा परिवार का खर्च चलाना भी हो गया है मुश्किल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ग्रामीण विकास, विशेष प्रमंडल गुमला के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों का भुगतान नहीं होने के कारण संवेदकों ने गुरुवार को विभाग के निविदा का बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर संवेदकों ने बताया कि सभी संवेदकों द्वारा भिन्न भिन्न निविदा आमंत्रण सूचना संख्या के आधार पर कार्य कर दिया गया है लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक किये गये कार्यों का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण संवेदकों को अनेक प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। संवेदकों के परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अब ऐसी स्थिति आ चुकी है कि संवेदकों द्वारा उनके बच्चों का नाम स्कूल से कटवाना पड़ रहा है। क्योंकि विभाग के द्वारा भुगतान नहीं होने के कारण संवेदकों द्वारा बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं हो पा रही है। संवेदकों ने इसके लिए सीधे कार्यपालक अभियंता को जिम्मेदार ठहराया। संवेदकों ने बताया कि बाजार में स्थिति ऐसी बन चुकी है कि कोई भी दुकानदार द्वारा संवेदकों को किसी भी प्रकार की सामग्री उधार देने से इनकार किया जा रहा है और किये गये कार्यों में जो सामग्री दुकान द्वारा द्वारा दी गई है उसके भुगतान हेतू दबाव दिया जा रहा है। जिसके कारण संवेदकों की मनसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं कारणों से दिनांक 11.5.2023 से विभाग द्वारा निकाली गई निविदा का सभी संवेदकों द्वारा बहिकार किया गया।

# आवास पूर्ण नहीं करनेवाले लाभुकों पर राशि वापसी की होगी कार्रवाई : बीडीओ

**पीएम आवास में तेजी लाने को लेकर सभी पंचायत भवनों में किया गया लाभुक दिवस का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत बन रहे पीएम आवास की धीमी प्रगति को लेकर ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के निर्देशानुसार 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को राज्य के सभी प्रखंडों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत प्रखंड के सभी 18 पंचायतों के पंचायत भवनों में संबंधित कर्मियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार को पीएम आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त सहित वैसे सभी अपूर्ण आवास लाभुकों से निर्माण कार्य में हो रही कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान कर्मियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभुक को समय से आवास निर्माण करने और समस्याओं को सभी के सहयोग से दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। इस बावत बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि प्रखंड में 1087 आवास लाभुक हैं, जिनका आवास या तो अधूरा पड़ा है या पहला किस्त मिलने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है। सरकार द्वारा ऐसे लाभुकों के आवास को 30 जून तक पूरा कराने का निर्देश प्राप्त है। ऐसे लाभुकों को प्रेरित करने और समस्याओं को दूर करने को लेकर प्रत्येक गुरुवार को पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि तय समयावधि में आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले लाभुकों पर राशि वापसी के लिए कानूनी प्रावधान के तहत नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी।

**राहत : पिछले कई वर्षों से समस्या से निजात दिलाने के लिए तीन महीने तक चला नगर परिषद का लगातर अभियान**

# बस पड़ाव परिसर को यूं ही नहीं मिली नशेड़ियों से मुक्ति

**नशाखोरी से आए दिन बस स्टैंड परिसर में आपराधिक गतिविधियां भी प्रकाश में आती थीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ए भाई, हंडिया कने मिली,,,, बस स्टैंड चाईल जा। उहें भेटई। !!!!! अब शायद ये सुनने को कान तरस जायेंगे। क्योंकि नगर प्रशासक का डंडा बड़ी जोरों से नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ललित उरांव बस पड़ाव में अवैध रूप से हड़िया दारु बेचने वालों पर चल रहा है। एक समय था जब हड़िया, दारू, महुआ के साथ-साथ अवैध रूप से बिकने वाली अंग्रेजी शराब भी बस स्टैंड और आसपास के होटलों में मिल जाया करती थी। इनकी बिक्री एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। स्थानीय पुलिस और मद्य निषेध विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उक्त समस्या से परेशान थे। नशाखोरी से आए दिन बस स्टैंड परिसर में आपराधिक गतिविधियां भी प्रकाश में आती थीं क्योंकि बस पड़ाव परिसर में अराजक तत्वों और उठाईगीरों का बोलबाला था। किंतु नगर परिषद की टीम ने दो महीने के अंतराल में इस पड़ाव परिसर को पूरी तरह नशाखोरी से मुक्त कर दिया।

**हफ्तों तक की गई काउंसलिंग :** नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार की ओर से न केवल हड़िया दारू बेचने वाली महिलाओं की काउंसलिंग की बल्कि वहां दारु पीने पहुंचने वाले लोगों को भी कई बार बैठाकर समझाया गया तो कई बार डांट फटकार भी लगाई गयी। न केवल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बल्कि उड़नदस्ता टीम ने भी एक माह तक लगभग प्रतिदिन बस पड़ाव परिसर में गश्त किया। शराबखोरी में संलिप्त विक्रेता और खरीदारों दोनों को खदेड़ा। अंततोगत्वा समझा-बुझाकर सभी को उक्त पेशा छोड़ने के लिए तैयार किया गया।

**बस पड़ाव में खोला गया कैंप कार्यालय :** बस पड़ाव परिसर में चल रही गतिविधियों पर दैनंदिन पर्यवेक्षण और निरीक्षण के उद्देश्य से कार्यपालक पदाधिकारी ने बस पड़ाव में ही अपना एक कैंप कार्यालय खोला। वहां चार लोगों की प्रतिनियुक्ति की, जिसका प्रत्यक्ष असर दिखा।

**हड़िया व्यवसाय छोड़ने वाली महिलाओं को दी नौकरी :** कार्यपालक पदाधिकारी की अपील पर जिन महिलाओं ने स्वेच्छा से हड़िया बिक्री को त्याग दिया उन्हें वैकल्पिक जीविका के रूप में नगर परिषद में नौकरी दी गई ताकि उनके सामने जीविका का संकट न हो।

**होटल को किया गया सील :** बार-बार हिदायत देने के बावजूद शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री बंद नहीं करने तथा अवैध निर्माण के चलते कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर उड़नदस्ता दल ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बस पड़ाव स्थित मंगरा होटल को पिछले दिनों सील कर दिया था, इस बड़ी कार्रवाई से नशा व्यवसायियों के बीच सख्त संदेश गया।

**कई विक्रेताओं ने बदल लिए हैं अपने व्यवसाय :** बस स्टैंड एवं आसपास के इलाकों में नशा का व्यवसाय करने वाले कई लोगों ने नगर परिषद की अपील पर वैकल्पिक व्यवसाय चुन लिया है। दो माह पहले तक नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले करमपाल लोहरा भी उन्हीं में से एक हैं। बड़ी मात्रा में हड़िया एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले कर्मपाल ने अब हड़िया बिक्री छोड़कर चाय-नाश्ता का धंधा शुरू कर दिया है। करमपाल का कहना है कि अब वे कभी भी नशा का व्यवसाय नहीं करेंगे।

गुरुवार को प्रशासक संजय कुमार ने बस स्टैंड परिसर के औचक निरीक्षण के क्रम में करमपाल को इस बदलाव के लिये उन्हें साधुवाद दिया तथा कहा कि शीघ्र ही नगर परिषद उन्हें सार्वजनिक तौर से सम्मानित करेगा। करमपाल जैसे लोग अब दूसरों को भी नशा व्यवसाय छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उपरोक्त तमाम व्यवहारिक प्रयासों के बाद गुमला शहरी क्षेत्र के केंद्र माने जाने वाले बस पड़ाव परिसर को पूरी तरह नशा मुक्त क्षेत्र बना दिया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# 24 वर्षीय बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि, बेटे की तरह अंतिम संस्कार पूरे किये



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी में बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर पुत्र का फर्ज पूरा किया। डुमरी गांव के समाजसेवी सीताराम महतो (70) की आकस्मिक मृत्यु हो गई। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतक सामाजिक कार्यों में बड़-चढ़कर भाग लेते थे। मृतक के पीछे अपनी पत्नी के अलावा एक बेटी है। मृतक की 24 वर्षीय बेटी रीना कुमारी ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार कराया। समाज में किसी की मृत्यु पर बेटा के द्वारा ही कंधा देकर संस्कार पूरा कराया जाता है। यहां बेटी ने पिता को कंधा देकर समाज में बदलाव लाया है। रीना ने पिता को कंधा देकर गांव के मुक्तिधाम में अंतिम क्रियाकर्म के सभी संस्कार पूरे किए। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# कोड़ी की टीम बनी चार दिवसीय जोड़ा खस्सी हॉकी प्रतियोगिता की विजेता

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अन्तर्गत सिकरी पंचायत के असरो गांव के युवा कमेटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय जोड़ा खस्सी हॉकी प्रतियोगिता का फाईनल मैच के साथ समापन हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि जारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने फाईनल मैच का शुभारंभ बॉल पुश कर किया गया। फाईनल मैच कोड़ी बनाम अम्बाटोली के बीच खेला गया। जिसमें कोड़ी की टीम एक गोल से विजेता रही। मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि राजेश टोप्पो ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल एक कला है, जिसके द्वारा अपना खुद का नाम के साथ साथ गांव, प्रखंड, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर सिकरी मुखिया माईकल कुजूर, मिलकियुस बड़ा सहित खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन आज

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड मुख्यालय के सभी होटल एवं वैसे दुकानदार जो अपनी दुकान में खाद्य सामग्री बेचते हैं वे कैंप में जाकर अपना फूड लाइसेंस बनवा सकते हैं। मौके पर फूड लाइसेंस आपरेटर प्रियांशु कुमार ने बताया कि लाईसेंस के लिए वैसे दुकानदार जिनका बिक्री 3000 से कम है वे अपना आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं 100 रु. जमा कर अपना लाईसेंस बनवा सकते हैं। वहीं जिस दुकान की बिक्री 3000 से उपर होती है उन्हें जरूरी कागजात के साथ 2000 जमा करने होंगे। वहीं मांस-मछली के दुकानदारों को अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। उसने बताया कि डुमरी प्रखंड में 17.05.2023 बुधवार को कैंप लगाया जाएगा। वहीं चारी में 19.05.2023 दिन शुक्रवार को कैंप लगाया जाएगा।

# दुर्घटना में घायल बच्ची के इलाज के क्रम में मौत, मरनेवालों की संख्या बढ़कर हुई चार

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार शाम को कुम्हारी बजरंग बली चौक में बुधवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल दो वर्षीय बच्ची आकांक्षा कुमारी की मौत इलाज के क्रम में सदर अस्पताल गुमला में बुधवार देर रात को हो गयी। दूसरी ओर दुर्घटना में मृत रमेश उरांव, लालचंद उरांव, मनीषा कोंगाडी एवं दो वर्षीय बच्ची का पुलिस द्वारा पोस्टमास्टम कराकर शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके पश्चात परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। इस सड़क दुर्घटना में बच्ची और महिला समेत कुल चार लोगों की मौत हो जाने के बाद पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीण इस दुर्घटना को स्पीड बाइकिंग के रूप में देख रहे हैं। मृतका मनीषा कोंगाडी की शादी का बमुश्किल एक वर्ष ही हुआ था।

# नेतरहाट घाटी स्थित जोहन डेरा के समीप खाई से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित जोहन डेरा के समीप खाई से गुरदरी पुलिस ने गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ा गला अवस्था में बरामद किया। जिसके उपरांत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया गया। इससे पूर्व पुलिस के द्वारा शव का शिनाख्त के लिए काफी प्रयास गया परंतु शिनाख्त नहीं हो पाया। मृतक के पॉकेट से सिर्फ रोटी मिली है। थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि नेतरहाट घाटी के जोहन डेरा स्थित खाई में किसी व्यक्ति का शव होने की सूचना चौकीदार के माध्यम से प्राप्त हुई थी। शव लगभग एक सप्ताह पूर्व का है। शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। संभावना है कि शव किसी विक्षिप्त व्यक्ति का है।

# तालाब से नवजात शिशु का शव बरामद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिलखी गढ़ाटोली गांव स्थित तालाब में गुरुवार को एक नवजात शिशु का शव तैरते हुए मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अहले सुबह नवजात शिशु के शव होने की सूचना मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग तालाब पहुंचने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह पिलखी गांव के लोग शौच के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान खेत में बने नवनिर्मित तालाब में एक नवजात शिशु का शव को तैरते हुए देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया व अन्य को तालाब में नवजात बच्चे का शव होने की जानकारी दी। तालाब में शिशु का शव होने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तालाब के पास शव देखने पहुंचे। इस दौरान लोग तरह तरह की आशंका व्यक्त कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक नवजात शिशु के शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के एकाम्बा गांव निवासी बंधना उरांव का पुत्र ईश्वर उरांव (26) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ईश्वर परिजनों के साथ घर से खाना खाकर पास में बने अपने नये मकान में सोने चला गया। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तब परिजनों ने उसका दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खोलने पर वेंटिलेटर से देखने पर उसके फांसी पर लटके होने की जानकारी हुई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुसो पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया।

## तेजस्विनी परियोजना के अवधि विस्तार को लेकरकर्मियों ने मुख्यमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में चल रही तेजस्विनी परियोजना के दीर्घकालीन अवधी विस्तार को लेकर योजना से जुड़ी किशोरियों-युवतियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पोस्टकार्ड भेजा है। जिसके माध्यम से किशोरियों-युवतियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तेजस्विनी परियोजना में विगत 2019 से जुड़ी हैं। इससे वे लोग काफी खुश भी हैं। इस परियोजना से मशरूम उत्पादन, दुकान संचालन और सिलाई करना आदि विभिन्न स्वरोजगार कर आय अर्जन कर रहीं है। व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण के लिए उनका काउंसिलिंग भी हो गया है। व्यवसाय कौशल का प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार के लिए प्रतीक्षा में है। लेकिन उत्प्रेरक दीदीयों से पता चला है कि परियोजना 25 अगस्त से बंद हो जायेगी। परियोजना बंद होने से आगे बढ़ने का अवसर छीन जायेगा। परियोजना से जुड़े कर्मियों और किशोरियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह की कि तेजस्विनी परियोजना का दीर्घकालीन अवधि विस्तार किया जाये। ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे। इधर, परियोजना के प्रखंड स्तरीय कलस्टर समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक व प्रखंड समन्वयक की ओर से भी पोस्ट कार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को परियोजना का दीर्घकालीन अवधी विस्तार करने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर आग्रह करने वालों में संघ के अध्यक्ष सिंधु शर्मा, महामंत्री रंजना चौबे, मीडिया प्रभारी मंतोष मेहता, उपसचिव नगमा प्रवीण, कोषाध्यक्ष नयणपति देवी, आनंद किशोर, संगीता देवी, सरस्वती देवी, दीपकली देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी सहित तेजस्विनी परियोजना से जुड़ी किशोरियां-युवतियां और कर्मी शामिल है।

### हुसैनाबाद प्रखंड में पीएम आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# लंबित पीएम आवास का 30 जून तक निर्माण पूरा कराने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर आयोजित प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के लोटनिया, पथरा, बनियाडीह बराही, महुअरी, पोलडीह, महुदंड, बडेपुर, झरगड़ा व दंगवार समेत सभी पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व स्थानीय प्रतिनिधि ने बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी ली। लगे हाथ 30 जून तक आवास निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बता दें कि यह कार्यक्रम गुरुवार से शुरू हुआ है, जो 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित किया जाएगा। विदित हो कि हुसैनाबाद प्रखंड में अभी भी 469 आवास लंबित हैं जिसे 30 जून तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अजय कुमार, मुखिया विनोद कुमार सिंह, सरिता कुमारी, अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, नरेश पासवान, मिना देवी, अनंति देवी, ममता देवी, नोडल पदाधिकारी सह बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्र, मणिकांत कुमार, सूर्यदेव राम, जय राम मेहता, अशफाक अहमद, राजू रंजन, प्रशांत सागर, नीरज और अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।



पथरा पंचायत सचिवालय में लाभुक दिवस मनाते मुखिया व अन्य।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर प्रखंड प्रमुख समेत कई लोगों ने जताया शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोशी ग्राम पंचायत अंतर्गत रूपनारायणपुर गांव में सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह (69) का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे काफी दिनों से असाध्य दिल की बीमारी से ग्रस्त थे। जिनका इलाज भेलौर के सीएमसी अस्पताल से चल रहा था। वे बहुत ही मृदुभाषी प्रवृति के व्यक्ति थे। वे अपने पीछे पत्नी अनीता देवी, पुत्र प्रकाश कुमार सिंह एवं पुत्री ज्योति कुमारी समेत पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया विजय राम, अनुज कुमार सिंह समेत उनके शिक्षक साथी ग्रामीणों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## समाजसेवी को पितृशोक, अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड गांव निवासी मुनेश्वर ठाकुर (68) का निधन गुरुवार की सुबह हुई। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। स्व ठाकुर युवा समाजसेवी राहुल ठाकुर के पिता थे। गांव के शमशान घाट पर गुरुवार को उनका दाह संस्कार किया गया। स्व मुनेश्वर ठाकुर की अंतिम यात्रा में बसपा नेता सह समाजसेवी अभिमंयु सिंह उर्फ बबलू, राहुल दूबे, श्यामबिहारी विश्वकर्मा, नईमुद्दीन अंसारी, सलीमुदिनी अंसारी व प्रवीन सिंह आदि शामिल थे।

# पर्यावरणविद ने बेटे के जन्मदिन व अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर तीन अनाथ कन्याओं की करायी शादी

**कहा- भगवान का दूसरा रूप होते हैं गरीब : कौशल किशोर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपनी शादी की सालगिरह और पुत्र के जन्मदिन पर क्षेत्र की तीन अनाथ कन्याओं की शादी कराकर खुद कन्यादान किया। ऐसा करके न सिर्फ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया, बल्कि समाजसेवा में एक मिशाल कायम की है। छतरपुर अनुमंडल के चेगौना धाम विवाह मंडप में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार की मुखिया सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल एवं छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने तीन अनाथ कन्याओं की शादी कराकर उन्हें कन्यादान किया एवं सभी बरातियों को पौधा-पानी देकर विदाई किया। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि उनके जीवन में 10 मई का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा है। 10 मई 1980 को उनकी शादी हुई थी और इसी दिन वर्ष 1982 में उनके बड़े पुत्र अरुण जायसवाल का जन्म हुआ था। इसी तरह 10 मई 2023 को उन्होंने तीन अनाथ बच्चियों की शादी कराकर उन्हें कन्यादान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। बताया कि अपने दो बच्चियों की शादी तय करने के बाद ब्रह्मदेव भुइयां की अचानक मौत हो गयी थी। जिससे उस परिवार के समक्ष एक बड़ी समस्या उतपन्न हो गयी थी। तब कौशल किशोर जयासवाल, मुखिया पूनम जायसवाल एवं जिला पार्षद अमित कुमार ने न सिर्फ उन तीन कन्याओं की शादी कराई बल्कि उनका कन्यादान भी करके मिसाल कायम कर दिया। मौके पर उप मुखिया अफजाल अंसारी, सुभाष गुप्ता, सुदामा गुप्ता, पंकज सिंह, सुचित जायसवाल, जुबेर अंसारी, गुलाम गौस, यासीन अंसारी,मुस्ताक अंसारी,करीम अंसारी, चंदन यादव, नंदू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## दीपक तिवारी ने डीसी को ज्ञापन सौंपा, पिंक सिटी बस की समय सारणी को सर्वजनिक करने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** नगर निगम की ओर से संचालित पिंक बस सेवा के समय सारिणी को सार्वजनिक करने एवं स्थानीय गांधी मैदान के संचालन की जिम्मेवारी निविदा के जरिए चयन कर स्वंय सेवी संस्था को देने संबंधी निर्देश देने की मांग को लेकर झामुमो नेता सह इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी ने पलामू डीसी से मुलाकार कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा विगत एक सप्ताह पूर्व से क्षेत्र की महिलाओं को विशिष्ट सुविधा एवं सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पिंक बस निगम क्षेत्रांतर्गत प्रारंभ कर दी गई है, लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक इस बस का समय सारिणी सार्वजनिक पटल पर निगम द्वारा घोषित नहीं किया ग.ा है। इससे आम महिलाएं इससे एक दम अनजान है कि संबंधित पिंक बस का पड़ाव एवं ठहराव कब, कहां और कैसे है। इस बस को कहां से कितने समय में खुलना है और कहां कितने समय में पहुंचना है। उन्होंने ज्ञापन के साथ संलग्न फोटोग्राफ भी अवलोकनार्थ के लिए समर्पित किया है। कहा कि इसे देखने से यह स्पष्ट उद्धत है कि अभी भी पूर्व मेयर अरुणा शंकर के निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुपालनार्थ ही संबंद्ध पिंक बस मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के तकरीबन चार किलामीटर की बाहर की परिधि में चलाया जा रहा है, जो न्यायोचित नहीं है। मेदिनीनगर निगम की पिंक बस का आखिरी पड़ाव व ठहराव का चियांकी स्थित हेरिटेज इण्टरनेशन स्कूल में क्या औचित्व है? यह भी प्रश्न गंभीर है कि इस बस सेवा का सीधा लाभ चियांकी स्थित ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉजेल के शैक्षणिक संस्था कर्मियों को ही केवल क्यों? यहां उल्लेखनीय है कि स्टेशन रोड़ स्थित गांधी मैदान को सुसज्जित एवं व्यवस्थित कराने में मेदिनीनगर नगर निगम का धन व्यियित है। यह भी सूचना है कि पूर्व मेयर अरुणा शंकर के व्यवसायी पति आनंद शंकर के प्रभाव में इस गांधी मैदान के रख-रखाव की जिम्मेवारी उनके मित्र रोटेरियन अनुग्रह नारायण शर्मा को दी गई है जो गलत है।

## वृद्ध महिला चार दिनों से लापता, परिजन परेशान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम दरुआ तीसीबार निवासी प्रयाग प्रजापति की पत्नी फूलपत्ती देवी (50) विगत चार दिनों से लापता है। परिजन उसकी काफी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक पता नहीं चला है। इससे परिजन परेशान हैं। इस संबंध में परिजनों ने पांडु थाना में गुमसुदगी का मामला भी दर्ज कराया है। परेशान परिजनों ने पुलिस को बताया कि गत सात मई की सुबह से ही फुलपति देवी घर से अचानक गायब हो गयी। परिजनों ने उसे हर संभावित जगह तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। फुलपति देवी के पति प्रयाग प्रजापति ने बताया कि पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## वाहन के धक्के से परीक्षा देने जा रहा छात्र गंभीर रूप से घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला नवीनगर मुख्य रोड़ में गुरुवार को मेहंदीनगर गांव के समीप बोलेरो के धक्के से दरुआ गांव निवासी नेजाबुदीन आलम का 14 वर्षीय पुत्र तनवीर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। वह उर्दू मीडिल स्कूल का छठी कक्षा का छात्र था। ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके पैर में गंभीर चोट आयी है। बताया जाता है कि वह घर से पैदल हुसैनाबाद परीक्षा देने जा रहा था।
































### नाराज लोगों-परिजनों ने शव रखकर किया सड़क जाम, मुआवजा-नियोजन के आश्वासन पर हुआ समाप्त

# सड़क किनारे खड़े ऑटो चालक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुई मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के डुमरा राजा तालाब के समीप बुधवार की देर रात सड़क किनारे खड़े ऑटो चालक को बाइक सवार एक युवक ने टक्कर मार दी। उक्त घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार अहले सुबह ऑटो चालक की मौत हो गई। उसकी पहचान सुखदेव दास के रूप में हुई है। वह डुमरा के अंबेडकर टोला का रहने वाला है। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटे धनु दास और दीपक दास छोड़ गए हैं। जबकि इसी हादसे में घायल बाइक सवार भोला महतो का इलाज दुगार्पुर के मिशन अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। भोला महतो माथाबांध का रहनेवाला है।





मृतक सुखदेव दास की फाइल फोटो। मृतक के शव के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन करते परिजन-स्थानीय लोग।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

दूसरी ओर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग को लेकर गुरुवार की सुबह हिरक रोड पर शव रखकर डुमरा-कतरास हिरक रोड जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही बरोरा थानेदार नंदू कुमार पाल और बाघमारा थानेदार नीतिश अश्विनी के अलावा सीओ प्रतिनिधि शाहबुद्दीन मौके पर पहुंच गए। जहां आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डुमरा दक्षिण पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह और भाजपा नेता चंदन मिश्रा सहित अन्य आंदोलनकारी ग्रामीणों के साथ वार्ता की। जिसमें प्रशासन की ओर से मृतक के आश्रित को तत्काल विधवा पेंशन, अंबेडकर आवास और पारिवारिक लाभ देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। दूसरी ओर, बरोरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। वहीं, मृतक के पुत्र धनु दास ने बरोरा पुलिस से लिखित शिकायत देकर कहा कि लापरवाही से बाइक चलाते हुए धक्का मारने से उसके पिता सुखदेव दास की मौत हुई है।

### मातम में बदली घर में शादी की खुशियां

मृतक सुखदेव दास के बडे बेटे की 15 जून को शादी होने वाली थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। खुशी का माहौल था की अचानक सुखदेव की मौत हो जाने से घर की खुशी मातम में बदल गई। ग्रामीणों ने बताया कि बड़े बेटे की शादी तोपचांची थाना क्षेत्र के हीरापुर सिंगदाहा में तय हुई है। शादी का सारा सामान बुधवार को ही खरीदारी किया गया था और रात को हादसा हो गयी। इससे पूरे मुहल्ला में शोक का माहौल है।

# धनबाद जिप अध्यक्ष ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

### सड़क निर्माण कर रही कंपनी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

सोनारडीह रेलवे फाटक की जाम व मछियारा फ्लाईओवर का उठाया मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एनएच-32 के राजगंज-चास खंड से बाघमारा विस क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच-32 का उन्नयन करते हुए इसे फोरलेन में परिवर्तित कर दिया गया गया है। आपके विजन के अनुसार यह सड़क विकास की गति को निरंतर बढ़ा रही है। पर स्थानीय अधिकारियों एवं संवेदक की मिलीभगत से लगातार विभिन्न समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि राजगंज-चास खंड के सात किमी पर अवस्थित निचितपुर रेलवे क्रॉसिंग एवं 11वें किमी अवस्थित सोनारडीह रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण कराना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञात हो कि उक्त द्वेय रेलवे क्रॉसिंग 24 घंटे में लगभग 40 बार बंद होती है जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इससे यात्रियों को भीषण जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसके अलावा राजगंज-चास खंड के 18वें किमी पर स्थित मछियारा फ्लाईओवर भ्रष्टाचार एवं अभियंत्रन की नाकामी का प्रतीक बन गया है। उक्त फ्लाईओवर से धनबाद के लिए फोर लेन सड़क का संपर्क है पर ना तो संपर्क मार्ग बनाया गया है और ना ही पहुंच पथ, जिससे एक सड़क से दूसरे सड़क को पकड़ने में लगातार दुर्घटनाएं होते रहती है। यह स्थानीय अधिकारी अभियंता एवं संवेदक की मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। शारदा सिंह ने केंद्रीय मंत्री से जनहित में अविलंब कार्रवाई की अपील की है।

### शिक्षकों के लिए करियर मार्गदर्शन पर दक्षता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेक्टर 8 बी में शिक्षकों के लिए दक्षता निर्माण कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन महाप्रबंधक, (शिक्षा) मीनम मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षानीति के तहत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शिक्षकों के लिए एक शिक्षा सत्र में 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण निर्धारित किया है। सहायक प्रबंधक (शिक्षा) प्रभा मोहनन नाय्यर ने भी शिक्षकों के प्रशिक्षण पर गुरुत्वारोप किया। उद्घाटन के बाद प्रशिक्षक सुरजित सेन, प्राचार्य, झारखण्ड पब्लिक स्कूल, बलियापुर, धनबाद एवं नीता सहाय, शिक्षिका, बीआइएसएस- 2सी ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

### धनबाद एसएसपी संजीव को मातृशोक, सांत्वना देने पहुंचे डीसी सहित जिले के वरीय पदाधिकारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार की मां शकुंतला मेहता (72) का गुरुवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार शुकुंतला मेहता को अचानक बेचैनी हुई, तो तत्काल उन्हें एसएसपी आवास के नजदीक जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शुकुंतला मेहता हजारीबाग की रहने वाली थी। उनके पति प्रदीप कुमार का पूर्व में ही निधन हो चुका है। उनके दो पुत्र हैं, जिसमें से बड़े बेटे धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार हैं, जबकि छोटा बेटा रवि प्रकाश हैं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उधर, निधन की सूचना मिलते ही डीसी संदीप कुमार सहित पुलिस के वरीय अधिकारियों का एसएसपी आवास पर आने का तांता लगा रहा। सिटी एसपी रिशमा रमेशन, डीएपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी -1अमर कुमार पांडेय, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार के साथ कई पुलिस अधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे। शकुंतला मेहता का दाह संस्कार शुक्रवार की सुबह मोहलबनी घाट पर किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग झरिया में मिजिल्स रुबेला टीकाकरण कैंप का हुआ आयोजन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से गुरुवार को नेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में कुल 165 बच्चों को मिजिल्स और रुबेला का टीका लगाया गया। प्रधानाध्यापक सब्बीर अली वकार ने टीकाकरण का शुभारंभ किया। टीकाकारण कार्य एएनएम मंजू कुमारी, सहयोग सहिया शबाना खातून और रुकशाना खातून ने किया। चिकित्सक दिलीप कुमार और शैलेंद्र कुमार की देखरेख में बच्चों को टीका लगाया गया। स्वास्थ्य टीम ने टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि मिजिल्स और रूबेला वायरस से फैलने वाली बीमारी है जिसमें संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को छूने, उसके सामने छींकने-खांसने, रोने और बात करने से फैलने की पूरी संभावना बनी रहती है।

### बाघमारा बजरंग दल के सदस्यों ने स्कूली छात्राओं-महिलाओं को दिखायी द केरला स्टोरी नामक फिल्म



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा बजरंगदल के सदस्यों ने गुरुवार को हरिणा स्थित सिनेमाघर में विभिन्न स्कूल की छात्राओं को द केरला स्टोरी फिल्म दिखाई। फिल्म देखने वालों में कोचिंग सेंटर की छात्राओ व अन्य महिलाएं-लड़कियां भी शामिल थी। बजरंगदल के सदस्यों ने कहा कि जिस प्रकार से एक खास समुदाय के लोग लव जिहाद को बढ़ावा देते हुए अपने समुदाय के लड़कों को खुली छुट दे रखी है कि दूसरे धर्म की लड़की से फरेब कर प्रेम जाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराए। जो एक क्रूरता है। बाघमारा बजरंगदल के सदस्यों ने एक छोटी सी पहल करते हुए हिंदू समाज की लड़कियों को जागरूक करने और लव जिहाद जैसी अपराध को रोकने के लिए प्रयास शुरू किया है। उन लोगों ने हिंदू समाज से अनुरोध किया कि वे लोग अपने घर की हर महिला सदस्यों को द केरला स्टोरी फिल्म अवश्य दिखाए। फिल्म दिखाने में बजरंगदल के अंकुश कुमार, अरूण कुमार, मदन बजरंगी, बिनोद बजरंगी, अजय बजरंगी, देवा बजरंगी, मनोज बजरंगी, नरेश, सुरेश, चंदन, तारूणी और शंकर ने मुख्य भूमिका निभाई।

# डुमरकुंडा घाट का हुआ सीमांकन, आज से शुरू होगा बालू का उठाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला खनन विभाग के अधिकारी गुरुवार को बालू घाटों का सीमांकन करने एग्यारकुंड अंचल कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिन पंचायतों के अधीन बालूघाट है, वहां के मुखियाओं के साथ बैठक की। जिसमें बालू उठाव, रॉयल्टी वसूली आदि से संबंधित सरकारी नियमों की जानकारी दी गयी। इसके बाद डुमरकुंडा बालूघाट का सीमांकन किया गया। डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत की मुखिया संगीता पासवान ने बताया कि ग्रेड वन के तहत पंचायत को डुमरकुंडा चार नंबर बालूघाट के संचालन का अधिकार मिला है। इसके अंतर्गत डुमरकुंडा से सुंदरनगर तक बालू उठाव का निर्देश दिया गया है। सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शुक्रवार से बालू का उठाव शुरू होगा। सरकार ने प्रति ट्रैक्टर 100 रुपए रॉयल्टी निर्धारित की है। जिला खनन विभाग के जियोलॉजिस्ट मानस पाल ने बताया कि विभाग ने एग्यारकुंड अंचल के चार बालूघाटों का सीमांकन करने का निर्देश दिया था। फिलहाल डुमरकुंडा 4 नंबर बालूघाट का ही सीमांकन हो पाया है। बाकी बचे गलफरबाड़ी, गोपीनाथपुर व बरमुड़ी बालूघाट का सीमांकन जल्द ही कर दिया जाएगा। इस मौके पर बीपीआरओ गोपालचंद्र गोराई, अजय पासवान सहित मौजूद थे।



डुमरकुंडा घाट का निरीक्षण करते जिला खनन विभाग के अधिकारी।

# मजदूरों की 42 सूत्री लंबित मांग को लेकर जमसं महामंत्री सिद्धार्थ ने की जीएम से वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की लंबित 42 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को जेबीसीसीआई सदस्य सह जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने जीएम चितरंजन कुमार के साथ वार्ता की। इससे पूर्व ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर मजदूरों एवं यूनीयन पदाधिकारियों ने सिद्धार्थ गौतम का भव्य स्वागत किया। उधर, वार्ता में मजदूरों की लंबित मांगों का समय पर समाधान नहीं होने पर सिद्धार्थ गौतम प्रबंधन पर बरस पड़े। कहा कि प्रबंधन मजदूरों को आंदोलन के लिए बाध्य कर रही है। इस पर जीएम चितरंजन कुमार ने मांगों का यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एजीएम एसबी कुमार, पीओ केके सिंह, कार्मिक प्रबंधक अमन कुमार पीके झा, स्नेहा, टीएस चौहान, शंभु शरण, पंचल पांडेय जबकि संघ की ओर से गोपाल मिश्रा, इंद्रासन यादव, कमलेश चौहान, अखलेश नोनिया, अमरेंद्र कुमार, जेपी सिंह, कृष्णा राउत, अमर पांडेय, बृजमोहन पांडेय, विजय चौहान, हरि प्रसाद महतो, रघुनाथ बडाइक, अशोक चौहान, किशोर कुमार, परमेश्वर भुइयां, भरत राय, बैजनाथ महतो, सुरेश रजवार, अर्जुन चौहान, राजकुमार पाल आदि मौजूद थे।



### बोकारो चिन्मय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चिन्मय विद्यालय में तीन दिवसीय ग्रीष्मकालिन शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत गणेश वंदना एवं नृत्य से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्रचार्य सुरज शर्मा, नरमेन्द्र कुमार, गोपाल चन्द मुंशी और निशांत कुमार ने दीप प्रज्जवलीत एवं गुब्बारे उड़ा कर रेडियंट सीवी ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि शिविर से बच्चे लर्निंग विद डूइंग तकनीक से सीखते है और शिविरों में विद्यार्थी कुछ अलग ही लगाव से सीखते हैं। समर कैंप में कई तरह की तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं, जिससे बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। निशांत सिंह ने कैंप का सफल संचालन किया।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 06/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 23.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत झाबर में रा0म0वि0 कोमर में 2 ACR भवन निर्माण | 1610400/- | 32500/ - | 5000/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 297108 Building (23-24)_D


# व्याप्त बिजली-पानी की समस्या को लेकर 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक

# गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही केंद्र सरकार : ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बिजली-पानी की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मिश्रित भवन स्थित जिला 20-सूत्री कार्यालय में बैठक की गयी। अपने संबोधन में ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जिले में व्याप्त बिजली और पानी की समस्या विकट होती जा रही है। जिले में 31 जलमीनार हैं, जिसमें केवल 17 जलमीनार से ही पानी की आपूर्ति सूचारू रूप से हो रही है। बाकी बचे 14 जलमीनार से आज तक जलापूर्ति नहीं हुई है। कुछ जल मीनार 12 साल से बनकर तैयार हैं, पर इसमें भी पानी की आपूर्ति आज तक नहीं हुई। कई जलमीनार काफी जर्जर स्थिति में हैं। उक्त सभी जलमीनार भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास सरकार के समय का है। तब जलमीनार के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई थी। उन्होंने कहा कि बंद पड़े जल मीनार से संबंधित विषयों पर रांची में पेयजल विभाग के वरीय पदाधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई है। अधिकारियों ने जर्जर जलमीनार को ठीक करने के साथ ही एक महीना के अंदर बंद पड़े जल मीनार से सूचारू रुप से जलापूर्ति चालू कराने संबंधित सकारात्मक आश्वासन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करती है। केंद्र सरकार के कारण डीवीसी लचर व्यवस्था अपना रही है। जिस कारण निर्बाध बिजली लोगों को नहीं मिल पा रहा है। लगातार आठ से नौ घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है, जिससे व्यवसायियों-कारोबारियों एवं कल कारखाने चलाने वालों को काफी कठिनाइयां हो रही है। लोगों को अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल खर्च करने पड़ रहे है। क्रियान्वयन समिति की केंद्र सरकार से मांग है कि डीवीसी के माध्यम से जिले में लोगों के लिए बिजली की दुरुस्त व्यवस्था की जाए, ताकि व्यवसायियों-कारोबारियों और कल कारखाने चलाने वालों के साथ ही आम लोगों एवं पठन-पाठन करने वाले छात्रों को समस्याओं से निजात मिल सके। इस मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, हराधन रजवार, कासिम अंसारी, राजू प्रमाणिक, पप्पू कुमार तिवारी, शमीम अंसारी, अख्तर अंसारी, पारस हांसदा, गोपीन टुडू, आलमगीर अशरफ सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।



धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वय समिति की बैठक में ब्रजेंद्र सिंह व अन्य।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

1. ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/28/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/ SD/HZB/ 28/01/2022-23 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्डान्तर्गत पंचायत बरकनगांगो के ग्राम जतघघरा में आर0ई0ओ0 रोड से देवी मण्डप तक पथ निर्माण। | 7597600.00 | 152000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 22.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.05.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग, 24.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:– i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 297168 Rural Development(23-24)#D

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा योगदान कर रहा है अडाणी समूह

## पिछले साल 60 हजार करोड़ का योगदान कर समूह ने स्थापित किया मील का पत्थर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 'गुडनेस नेवर स्टॉप्स' (यानी अच्छाई कभी नहीं रुकती) के सूत्रवाक्य को लेकर दुनिया के औद्योगिक नक्शे पर लगातार शीर्ष पर कायम अडाणी उद्योग समूह स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अडाणी हेल्थकेयर सर्विसेज इस उद्योग समूह की स्वास्थ्य देखभाल शाखा है। यह भारत के कॉरपोरेट नगीनाओं में से एक है। यह चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नैदानिक ??सेवाओं के क्षेत्र में लगी हुई है। अडाणी हेल्थकेयर सर्विसेज, गुजरात अडाणी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और अडाणी हॉस्पिटल्स मुंद्रा के दोनों स्थापित उद्यम, अडाणी फाउंडेशन की छत्रछाया में अडाणी समूह की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अडाणी हेल्थकेयर टीम अहमदाबाद में एक सुपर-स्पेशियलिटी हेल्थकेयर सेंटर स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। अडाणी हेल्थकेयर सर्विसेज की टीम अडाणी समूह की अन्य स्वास्थ्य देखभाल पहलों को तकनीकी सहायता और सेवा भी प्रदान करती है। विशेष रूप से, अडाणी हेल्थकेयर टीम एक नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए अडाणी पावर को तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। अडाणी हेल्थकेयर टीम गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने, बेहतरीन नैदानिक ??सेवाएं प्रदान करने और डेटा-आधारित अनुसंधान करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए लगन से काम कर रही है। हमारी दृष्टि का मूल लोकाचार राष्ट्रीय जनसंख्या स्वास्थ्य मेट्रिक्स में सुधार करना और राष्ट्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना है। एक स्वस्थ भारत के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए अडाणी हेल्थकेयर सर्विसेज देश के लिए गुणवत्ता संचालित नैदानिक ??सेवाएं प्रदान कर रही है और स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पेशेवरों को पैदा कर रही है, जिससे योग्य डॉक्टरों की मांग और आपूर्ति के बीच की खाई को पाटा जा सके। अडाणी हेल्थकेयर विजन राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की गहरी प्रतिबद्धता के साथ देश के बुनियादी ढांचे को संरेखित करने के अडाणी समूह के विजन के अनुरूप है।

**वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ाई में दिया बड़ा योगदान :** भारत में केंद्र और राज्यों की सरकारों ने महामारी से लड़ने में कुछ अभूतपूर्व उपाय किये। इस तरह के वैश्विक मानवीय संकट के बीच भारत का निजी क्षेत्र, जिसमें बड़े कॉरपोरेट, एसएमइ और छोटे व्यापारी शामिल हैं, कोरोना के खिलाफ लड़ाई में विधायिका के साथ एकजुट होकर खड़े हुए। अडाणी समूह इस लड़ाई में सरकार के साथ एकजुट था। उद्योग समूह ने इस देशव्यापी लड़ाई में सहायता के लिए अपने कमांड में सभी संसाधनों-कर्मचारियों और रसद से लेकर बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक को तैनात किया।

इसने मेडिकल ऑक्सीजन और परिवहन योग्य क्रायोजेनिक कंटेनर जैसी महत्वपूर्ण आवश्यक वस्तुओं की मुश्किल से मिलने वाली आपूर्ति की खरीद के लिए अपने विदेशी कनेक्शन का लाभ उठाना शुरू किया। देश भर के अस्पतालों और अन्य कोविड उपचार सुविधाओं को ऑक्सीजन की आपूर्ति में खतरनाक कमी का सामना करना पड़ रहा था। अडाणी समूह ने अपने व्यापक नेटवर्क से इस लड़ाई को आसान बनाया। अडाणी समूह पहले ही देश भर में हजारों टन तरल ऑक्सीजन ले जाने वाले कई क्रायोजेनिक टैंक खरीद चुका है। ये टैंक भारतीय राजनयिक मिशनों की सक्रिय सहायता से सऊदी अरब, थाइलैंड, सिंगापुर, ताइवान और दुबई जैसे देशों के अग्रणी निमार्ताओं से खरीदे गये थे।

**स्वास्थ्य देखभाल :** गुजरात में, जहां अडाणी समूह का मुख्यालय है, समूह ने प्रत्यक्ष चिकित्सा देखभाल के प्रावधान पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। अहमदाबाद के अस्पताल के बुनियादी ढांचे पर प्रणालीगत अधिभार को कम करने के लिए अडाणी फाउंडेशन ने अडाणी विद्या मंदिर स्कूल को ऑक्सीजन सपोर्ट और कैटरिंग फूड के साथ एक आपातकालीन कोविड देखभाल केंद्र में बदल दिया। डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और सहायक कर्मचारियों से सुसज्जित, यह फर्स्ट-रेस्पोंडर देखभाल सुविधा आवास संक्रमित और मध्यम रूप से रोगियों के लिए था। रोगियों को सबसे अधिक संक्रामक होने पर अलग करने से भी संक्रमण की शृंखला को तोड़ने में मदद मिली और रोग के प्रसार को काफी हद तक कम किया जा सका।

**केंद्र और राज्य सरकारों को वित्तीय योगदान :** अडाणी समूह ने पीएम केयर्स फंड में एक सौ करोड़ रुपये देने के अलावा गुजरात मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच करोड़, केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच करोड़, आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़, झारखंड मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ का योगदान दिया। इसके अलावा अडाणी कर्मचारियों ने चार करोड़ रुपये का योगदान दिया और अडाणी फाउंडेशन फॉर कोविड रिलीफ द्वारा चार करोड़ रुपये और जोड़े गये।

इस बीच, भारत में अडाणी समूह के कार्यबल, अडाणी परिवार, जो आवश्यक सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए निर्बाध रूप से काम कर रहा था, ने स्वेच्छा से कोरोना वायरस से लड़ने में राष्ट्रव्यापी प्रयासों के लिए लगभग चार करोड़ रुपये का योगदान दिया।



**अडाणी परिवार ने चैरिटी के लिए 60 हजार करोड़ दिये :** पिछले साल समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी के पिता शांतिलाल अडाणी की शताब्दी जयंती और गौतम अडाणी के 60वें जन्मदिन के वर्ष पर अडाणी परिवार ने कई सामाजिक कार्यों के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का दान देने का वचन दिया। इस कॉर्पस को अडाणी फाउंडेशन द्वारा प्रशासित किया जायेगा। भारत के जनसांख्यिकीय लाभ की क्षमता का उपयोग करने के लिए, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता बढ़ रही है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में कमी एक 'आत्मानिर्भर भारत' के लिए बाधाएं हैं। अडाणी फाउंडेशन को इन सभी क्षेत्रों में एकीकृत विकास प्रयासों पर केंद्रित समुदायों के साथ काम करने का समृद्ध अनुभव प्राप्त हुआ है। इन चुनौतियों का समाधान करने से हमारे भविष्य के कार्यबल की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता में काफी वृद्धि हो सकती है।

# विश्व नर्स दिवस का इतिहास और हमारे समाज में उसकी उपयोगिता



**नर्सिंग** एक महत्वपूर्ण पेशा है और नर्सें रोगियों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर लागू करती हैं। सरकार की स्वास्थ्य संबंधी नीतियों और सेवाओं की दक्षता, काफी हद तक नर्सिंग कर्मचारियों पर निर्भर करती है; इसलिए, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस जैसी घटनाओं के माध्यम से नियमित रूप से उनके मनोबल को बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रत्येक वर्ष 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है, ताकि नर्सों द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान को याद किया जा सके। यह फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जो एक ब्रिटिश समाज सुधारक और आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक थीं।

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का इतिहास :** इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स (आईसीएन), एक फेडरेशन है, जो अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस को प्रायोजित करता है, जिसकी स्थापना 1899 में की गयी थी। यह अपनी तरह का पहला वैश्विक स्वास्थ्य पेशेवरों का संगठन था। यह संगठन 1965 से वार्षिक कार्यक्रम के रूप में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मना रहा है।

### विश्व भर में समारोह का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस को अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद (आइसीएन) द्वारा प्रायोजित किया जाता है। वे दुनिया भर में नर्सों को चिकित्सा किट और सूचनात्मक सामग्री वितरित करते हैं। पूरे विश्व में इस दिन को अलग तरह से मनाया जाता है। यहां पर नीचे हम दुनिया के कुछ प्रमुख देशों के बारे में बता रहे हैं, जहां यह समारोह मनाया जाता है।

**भारत :** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पूरे भारत में भी, निजी और सरकारी अस्पतालों में व्यापक रूप से मनाया जाता है। हालांकि उत्सव के लिए किसी तरह के ठप्पे का कोई नियम नहीं है और हर अस्पताल या संगठन इसे अपने तरीके से मनाता है। नर्सिंग स्टाफ के लिए स्मरणीय कार्यक्रम मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आयोजित किए जाते हैं, जिसमें डॉक्टरों, व्याख्याताओं और चिकित्सा पेशे से संबंधित अन्य व्यक्तियों की भागीदारी होती है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस को एक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में लाने का प्रस्ताव पहली बार 1953 में अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा और कल्याण विभाग, डोरोथी सदरलैंड के एक अधिकारी द्वारा दिया गया था। प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजनहावर के लिए बनाया गया था; हालाँकि, राष्ट्रपति ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। फिर भी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1954 में शुरू हुए 11 से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का अवलोकन किया।

आईसीएन के प्रयासों के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका के 37वें राष्ट्रपति, मिस्टर रिचर्ड निक्सन ने 1974 में राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के अवलोकन की घोषणा की। जिसके बाद काउंसिल ने आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक, फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाने के लिए 12 मई की तारीख का चुनाव किया।

संयुक्त राज्य अमेरिका के 40 वें राष्ट्रपति, रोनाल्ड रीगन, ने आधिकारिक तौर पर 1990 में 6 मई को राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में नामित किया। इसने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के लिए एक भूमिका तैयार कर दी, जो नर्सों और नर्सिंग पेशे को याद करने के लिए एक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। यह विशेष दिन फ्लोरेंस नाइटिंगेल को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक के रूप में याद किया जाता है।

**यूनाइटेड किंगडम :** फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म स्थान होने के नाते, यूनाइटेड किंगडम नर्सों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ विशेष सेवाएं प्रदान करता है। वेस्टमिंस्टर एबे लंदन में स्थित एक चर्च है, जहाँ एक प्रतीकात्मक रूप से लैंप को एक नर्स से दुसरे नर्स तक गुजरने का कार्यक्रम होता है, जो ज्ञान के पारित होने का संकेत देता है। हैम्पशायर के सेंट मार्गरेट चर्च में एक विशेष सेवा भी आयोजित की जाती है, जहां फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दफनाया गया है।


**संयुक्त राज्य अमेरिका :** संयुक्त राज्य अमेरिका में, हर साल 6 मई से 12 मई तक एक राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह मनाया जाता है। इसी तरह कनाडा में भी 1985 में एक राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह की स्थापना की गयी थी।

**ऑस्ट्रेलिया :** ऑस्ट्रेलिया अपने नर्सिंग स्टाफ का सत्कार करके यह दिन मनाता है। इस दिन पूरे देश में कई पुरस्कार समारोह आयोजित किए जाते हैं, जिसमें स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए चयनित नर्सों को पुरस्कार दिये जाते हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**